जेष्ठ मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 154, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शुक्रवार 01 जुलाई 2022 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट



# एकनाथ शिंदे की हुई 'ताजपोशी'

## एकनाथ शिंदे बने महाराष्ट्र के 20वें सीएमः बाला साहेब को याद कर शपथ ली, फडणवीस बने डिप्टी; प्रधानमंत्री मोदी ने दी बधाई





**मुंबईः**
सियासी फिल्म के 11वें दिन की शाम... अटकलों और अनुमानों पर पूर्ण विराम। एकनाथ शिंदे ने महाराष्ट्र के 20वें मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। उनके साथ देवेंद्र फडणवीस ने उप मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों को बधाई भी दी। ये तो हुआ फिल्म का क्लाइमैक्स... लेकिन अब इससे पहले के सीन पर भी नजर डाल लीजिए... जगह मुंबई। काले माइक के सामने फडणवीस बोलते हुए और उनकी दायीं ओर सिर पर लाल टीका लगाए हाथ बांधे मौन बैठे शिंदे। कुछ पुरानी बातें और फिर सीधे हीरो के नाम का ऐलान- एकनाथ शिंदे होंगे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री। आज ही शाम साढ़े सात बजे शपथ लेंगे, वो भी अकेले। भाजपा उनका समर्थन करेगी। सरकार में शामिल भी होगी, लेकिन मैं सरकार से बाहर रहूंगा। ये ऐसी घोषणा थी जिसने सभी न्यूजरूम की बनी-बनाई खबर बिगाड़ दी। सबने फडणवीस को मुख्यमंत्री लिख रखा था। फडणवीस ने जैसे ही सरकार से बाहर रहने की बात कही, भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व सक्रिय हो गया। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि फडणवीस ने बड़ा दिल दिखाया है। अब उन्हें डिप्टी सीएम का पद स्वीकार करना चाहिए। इसके बाद अमित शाह ने कहा कि फडणवीस सरकार में शामिल होने के लिए मान गए हैं। इसके बाद फौरन राजभवन में दो की जगह तीन कुर्सी लगाई गई।

**मोदी बोले- फडणवीस भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणाः**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी नई सरकार को बधाई दी। उन्होंने ट्वीट कर लिखा- देवेंद्र फडणवीस को महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम के रूप में शपथ लेने पर बधाई। वह हर भाजपा कार्यकर्ता के लिए प्रेरणा हैं। उनका अनुभव और विशेषज्ञता सरकार के लिए एक संपत्ति होगी। मुझे विश्वास है कि वह महाराष्ट्र के विकास पथ को और मजबूत करेंगे। मनसे प्रमुख राज ठाकरे और एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने भी नए मुख्यमंत्री शिंदे को बधाई दी है।

**शाह और नड्डा ने फडणवीस के सरकार में शामिल होने की पुष्टि कीः**
महाराष्ट्र के नए मुख्यमंत्री की घोषणा और फडणवीस के सरकार में शामिल नहीं होने के ऐलान के बाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा मीडिया के सामने आए और फडणवीस को बड़े दिल वाला नेता बताया। उन्होंने फडणवीस से गुजारिश की कि वे नई सरकार में शामिल हों और डिप्टी सीएम की कुर्सी संभालें। नड्डा ने इसके बाद कहा कि केंद्रीय नेतृत्व का भी ये निर्देश है कि देवेंद्र फडणवीस डिप्टी सीएम पद की शपथ लें। इधर, नड्डा के बाद गृह मंत्री अमित शाह ने भी फडणवीस के सरकार में शामिल होने की पुष्टि की है। इसके बाद फडणवीस ने भी ट्वीट कर लिखा- एक कार्यकर्ता के नाते पार्टी के आदेश का मैं पालन करता हूं। जिस पार्टी ने मुझे सर्वोच्च पद तक पहुंचाया, उसका आदेश मेरे लिए सर्वोपरि है।

**शिंदे बोले- भाजपा ने बड़ा दिल दिखायाः** प्रेस कॉन्फ्रेंस में एकनाथ शिंदे ने कहा- बाला साहेब के हिंदुत्व और राज्य के विकास के एजेंडे के साथ हम साथ आए हैं। हम पिछली सरकार में रहते हुए भी कुछ कर नहीं पा रहे थे। इसमें किसी का कोई स्वार्थ नहीं है। बड़ी पार्टी होते हुए भी बीजेपी ने मुझे मौका दिया। देवेंद्र जी ने बड़ा दिल दिखाया। इसके लिए देवेंद्र जी का शुक्रगुजार हूं। मैं पीएम नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का शुक्रगुजार हूं।

**विधायकों को खरोंच भी नहीं आने दूंगाः** एक मजबूत सरकार हम लोगों को देखने को मिलेगी। यह सरकार देश में एक मिसाल होगी। सहयोगियों को भी धन्यवाद देता हूं। मैं छोटा कार्यकर्ता हूं, लेकिन 50 विधायकों ने मुझमें जो भरोसा दिखाया है। उस भरोसे को मैं एक खरोंच भी नही आने दूंगा। केंद्र सरकार महाराष्ट्र को मदद करेगी। इससे राज्य का विकास होगा।

सत्ता के लिए पाला बदलाः फडणवीस
राजभवन में फडणवीस ने मीडिया से कहा कि जनता ने महाविकास अघाड़ी को बहुमत नहीं दिया था। चुनाव के बाद भाजपा सबसे बड़ी पार्टी थी। शिवसेना ने हमारे साथ चुनाव लड़ा था, लेकिन शिवसेना ने कांग्रेस और एनसीपी के साथ मिलकर सरकार बना ली। सत्ता के लिए बाला साहेब ठाकरे के विचारों को भी ताक पर रख दिया।

**दाउद से जुड़े मंत्री को पद से नहीं हटायाः** फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ कि सरकार के दो-दो मंत्री जेल में हैं। बालासाहेब ने हमेशा दाउद का विरोध किया।

### शिवसेना से पहले संघ के शाखा प्रमुख थे

**मुंबईः** 2 जून 2000 की बात है। एकनाथ शिंदे अपने 11 साल के बेटे दीपेश और 7 साल की बेटी शुभदा के साथ सतारा गए थे। बोटिंग करते हुए एक्सीडेंट हुआ और शिंदे के दोनों बच्चे उनकी आंखों के सामने डूब गए। उस वक्त शिंदे का तीसरा बच्चा श्रीकांत सिर्फ 14 साल का था। शिंदे ने कहा था, 'ये मेरी जिंदगी का सबसे काला दिन था। मैं पूरी तरह टूट चुका था। मैंने सब कुछ छोड़ने का फैसला किया। राजनीति भी।' इस घटना को 22 साल हो चुके हैं। फिलहाल एकनाथ शिंदे महाराष्ट्र के नए मुख्यमंत्री बन गए।

बॉक्स

**शिंदे के राजनीतिक गुरु से बाला साहब भी घबरा गए थे**
शिंदे का जन्म 9 फरवरी 1964 को हुआ था। वे महाराष्ट्र के सतारा जिले के पहाड़ी जवाली तालुका के रहने वाले हैं, लेकिन उनकी कर्मभूमि ठाणे रही। शुरूआत में शिंदे ठाणे में ऑटो चलाते थे। एकनाथ के पीए रह चुके इम्तियाज शेख उर्फ बच्चा के मुताबिक ऑटो चालक के साथ शिंदे आरएसएस शाखा प्रमुख यानी मुख्य शिक्षक थे। आरएसएस की पृष्ठभूमि से होने के चलते उनका बीजेपी और हिंदुत्व से जुड़ाव है। शिवसेना के कद्दावर नेता आनंद दिघे से प्रभावित होकर उन्होंने शिवसेना जॉइन कर ली। दिघे ही शिंदे के राजनीतिक गुरु थे। शिंदे पहले शिवसेना के शाखा प्रमुख और फिर ठाणे म्युनिसिपल के कॉर्पोरेटर चुने गए। बेटा-बेटी की मौत के बाद जब शिंदे ने राजनीति छोड़ने का फैसला किया, तो दिघे ही उन्हें वापस लाए थे।

**शिंदे को मिली राजनीतिक विरासत**
अचानक 26 अगस्त 2001 को एक हादसे में दिघे की मौत हो गई। उनकी मौत को आज भी कई लोग हत्या मानते हैं। हाल ही में दिघे की मौत पर मराठी में धर्मवीर नाम से एक फिल्म भी आई है। दिघे धर्मवीर के नाम से भी मशहूर थे। दिघे की मौत के बाद शिवसेना को ठाणे में अपना वर्चस्व कायम रखने के लिए कोई चेहरा चाहिए था। ठाकरे परिवार ठाणे को ढुलमुल रवैये के साथ नहीं छोड़ सकता था। वजह है कि ठाणे महाराष्ट्र का एक बड़ा जिला है। चूंकि शिंदे शुरूआत से ही दिघे के साथ जुड़े हुए थे लिहाजा उनकी राजनीतिक विरासत शिंदे को ही मिली। शिंदे ने भी विरासत के बीज को ठीक से रोपा और सींचा भी। एकनाथ शिंदे का कहना है कि उन्हें राजनीति में लाने और अहम जिम्मेदारियां देकर नेतागीरी सिखाने वाले आनंद दिघे ही थे।

## एमएसएमई क्षेत्र को सशक्त करने के लिए नई नीतियां बना रही सरकारः पीएम




**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरूवार को कहा कि सरकार सुक्ष्म, लघु और मध्यम (एमएसएमई) सेक्टर की असीम संभावनाओं को देखते हुए इसे सशक्त करने के लिए नई नीतियां बना रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने लोकल उत्पादों को ग्लोबल बनाने का संकल्प लिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यहां विज्ञान भवन में उद्यमी भारत कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत का एक्सपोर्ट लगातार बढ़े, भारत के प्रॉडक्ट्स नए बाजारों में पहुंचें इसके लिए देश के एमएसएमई सेक्टर का सशक्त होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि सरकार का यह प्रयास है कि मेक इन इंडिया के लिए लोकल सप्लाई चेन बने, जो भारत की विदेशों पर निर्भरता कम कर सके। इसलिए एमएसएमई सेक्टर का विस्तार करने पर अभूतपूर्व बल दिया जा रहा है। एमएसएमई सेक्टर को मजबूती देने के लिए पिछले आठ साल में हमारी सरकार ने बजट में 650 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोतरी की है। उन्होंने कहा कि हमारे लिए एमएसएमई का मतलब है- मैक्सिमम स्पोर्ट टू माइक्रो, स्मॉल एंड मीडियम इंटरप्राइजेज। मोदी ने कहा कि भारत आज अगर 100 रुपये कमाता है तो उसमें 30 रुपये एमएसएमई सेक्टर से आते हैं। एमएसएमई सेक्टर को सशक्त करने का मतलब है, समाज को सशक्त करना। सबको विकास के लाभ का भागीदार बनाना। आज पूरी दुनिया भारत की अर्थव्यवस्था की गति को देखकर प्रभावित है और इस गति में बहुत बड़ी भूमिका हमारे एमएसएमई सेक्टर की है। इसलिए एमएसएमई आज माइक्रो इकोनॉमी की मजबूती के लिए भी जरूरी है। आज भारत जितना निर्यात कर रहा है, उसमें बहुत बड़ा हिस्सा एमएसएमई का है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों की जरूरतों को ध्यान रखते हुए हमने ये सुनिश्चित किया की ये उद्यम आगे भी बढ़ें। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि अगर कोई उद्योग आगे बढ़ना चाहता है, विस्तार करना चाहता है, तो सरकार न केवल उसे सहयोग दे रही है।

## लैंड स्लाइड में धंसा आर्मी कैंप, 13 शव निकाले गए



**मणिपुरः** मणिपुर में कई दिनों से जारी बारिश की वजह से लैंडस्लाइड की घटनाएं सामने आ रही है। बुधवार रात नोनी जिले के तुपुल रेलवे स्टेशन के पास हुए लैंडस्लाइड की चपेट में 107 टेरिटोरियल आर्मी का कैंप आ गया। इस हादसे के बाद दर्जनों जवान मिट्टी में दब गए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अब तक 13 जवानों के शव बाहर निकाले जा चुके हैं, जबकि 13 जवानों को रेस्क्यू किया गया है। वहीं, 30-40 से ज्यादा अभी दबे हुए हैं। मणिपुर के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह इसे लेकर एक इमरजेंसी मीटिंग बुलाई है। घायलों की मदद के लिए डॉक्टरों की एक टीम मौके पर रवाना हो गई है।

**आम लोगों के भी दबे होने की आशंकाः** घायलों को इलाज के लिए नोनी आर्मी मेडिकल यूनिट लाया गया है। भूस्खलन के वजह से इजाई नदी का प्रवाह प्रभावित हुआ है। यह नदी तामेंगलोंग और नोनी जिलों से होकर बहती है।

## देश में 1 जुलाई से सिंगल यूज प्लास्टिक बैन

**नई दिल्लीः** देश में 1 जुलाई से सिंगल यूज प्लास्टिक वस्तुओं के उत्पादन, बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध लग जाएगा। प्लास्टिक कचरा प्रबंधन नियम के तहत सिंग यूज प्लास्टिक की कुल 19 वस्तुओं पर प्रतिबंध लगेगा। इनमें थर्मोकॉल से बनी प्लेट, कप, गिलास, कटलरी जैसे कांटे, चम्मच, चाकू, पुआल, ट्रे, मिठाई के बक्सों पर लपेटी जाने वाली फिल्म, निमंत्रण कार्ड, सिगरेट पैकेट की फिल्म, प्लास्टिक के झंडे, गुब्बारे की छड़ें और आइसक्रीम पर लगने वाली स्टिक, क्रीम, कैंडी स्टिक और 100 माइक्रोन से कम के बैनर शामिलः अगस्त 2021 में अधिसूचित नियम और 2022 के दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक को चरणबद्ध रूप से समाप्त करने के भारत के प्रयासों के तहत 31 दिसंबर, 2022 तक प्लास्टिक कैरी बैग की न्यूनतम मोटाई को मौजूदा 75 माइक्रोन से 120 माइक्रोन में बदल दिया जाएगा। मोटे कैरी बैग सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को समाप्त करने के उद्देश्य से लाए जाएंगे। मंत्रालय ने कहा कि प्रतिबंध को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किए जाएंगे ।

## बाबा बर्फानीः यात्रियों का पहला जत्था रवाना



**जम्मूः** वार्षिक अमरनाथ यात्रा गुरुवार को पारम्परिक ढंग से शुरू हो गुई। सुबह 2,750 तीर्थयात्रियों का पहला जत्था बालटाल तथा पहलगाम आधार शिविर से अमरनाथ गुफा के दर्शन के लिए रवाना हो गया। यह पवित्र स्थान दक्षिण कश्मीर के हिमालय में है। यहां प्राकृतिक रूप से हिम-शिवलिंग के दर्शन होते हैं। इस जत्थे को उपायुक्त पीयूष सिंगला ने पहलगाम के नुनवान आधार शिविर से झंडी दिखाकर रवाना किया।इस सफर के दौरान अधिकांश तीर्थयात्री पैदल मार्ग के साथ शीशनाग और पंचतरणी में रात को ठहरेंगे। यह यात्रा लगभग तीन दिन में पूरी होती है। उपायुक्त सिंगला ने कहा कि 43 दिवसीय तीर्थयात्रा के सुचारू संचालन के लिए सभी इंतजाम किए गए हैं।उल्लेखनीय है कि जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को जम्मू आधार शिविर से 4,890 तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को रवाना किया था। इस बार श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) ने ऑनलाइन दर्शन की भी व्यवस्था की है। इस साल तीर्थयात्रा में सामान्य से अधिक लोगों के पहुंचने की उम्मीद है, क्योंकि अमरनाथ यात्रा तीन साल के अंतराल के बाद शुरू हुई है। 2019 में संविधान के अनुच्छेद 370 के प्रावधान को निरस्त करने से पहले यात्रा को बीच में ही रद्द कर दिया गया था। कोविड-19 महामारी के कारण 2020 और 2021 में यात्रा का आयोजन नहीं हो सका।

तीर्थयात्रा मार्ग पर बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। बालटाल और पहलगाम मार्ग पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। ड्रोन निगरानी और आरएफआईडी चिप्स भी तीर्थयात्रियों के लिए त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था का हिस्सा है।

## सीएम योगी ने छोटे उद्यमियों को बांटा 16 हजार करोड़ का लोन

**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को लोकभवन में आयोजित वृहद ऋण मेला के अंतर्गत 1.90 लाख हस्तशिल्पियों, कारीगरों एवं छोटे उद्यमियों को 16 हजार करोड़ रुपये का ऋण वितरण किया। इस मौके पर उन्होंने वर्ष 2022-23 के लिए 2.35 लाख करोड़ रुपये की वार्षिक ऋण योजना का शुभारम्भ भी किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी ने एलान किया कि प्रदेश सरकार छोटे उद्यमियों की मदद तो कर रही रही है। हम जल्दी ही एक ऐसी योजना लेकर आ रहे हैं जिसमें कि हर परिवार के एक व्यक्ति को नौकरी, रोजगार या स्वतः रोजगार से जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 के पहले एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग) क्षेत्र को बढ़ाने के लिए राज्य के पास धन की कमी नहीं थी। नीयत की कमी थी। देश के सबसे अधिक आबादी वाले राज्य में बेरोजगारी की दर 18 प्रतिशत से अधिक थी। 2017 में भाजपा सरकार आने के बाद हमने एक जनपद एक उत्पाद की घोषणा की जिसने निर्यात में बड़ी भूमिका निभाई। ऐसे निर्णयों के कारण आज यूपी निर्यात हब के रूप में विकसित हो रहा है।

### कन्हैयालाल हत्याकांडः हत्याकांड के बाद शहर मौन

## सीएम अशोक गहलोत ने 51 लाख का चेक सौंपा




**उदयपुरः** उदयपुर में आतंकियों के हाथों मारे गए कन्हैयालाल के घरवालों से गुरुवार को राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत ने मुलाकात की। गहलोत ने कन्हैयालाल के घरवालों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। गहलोत ने मीडिया से कहा- एनआईए एक महीने के अंदर इस केस में जल्दी सजा दिला दे। एनआईए को समझना चाहिए कि प्रदेश के लोगों की भावना क्या है? कन्हैया को सुरक्षा दी गई या नहीं, क्या कमी रही, सभी चीजें एनआईए की जांच में सामने आ जाएगी। एनआईए की जांच पर भरोसा करना चाहिए, जांच निष्पक्ष होगी, हम पूरा सहयोग करेंगे। इस घटना ने देश को हिला दिया है। कन्हैया के बेटे हर्ष साहू ने बताया कि सीएम ने आश्वासन दिया कि इन लोगों को फांसी होनी ही है। एक आश्रित को सरकारी नौकरी देने का भी आश्वासन दिया है। पहले जो जांच हो रही थी, उससे हम संतुष्ट नहीं थे, मगर अब जो पिछले 2-3 दिन से जांच हो रही है, उससे हम संतुष्ट हैं। धानमंडी थाने के एसएचओ और एसआई को सस्पेंड कर दिया गया है, बाकी पुलिसकर्मियों को भी सस्पेंड किया जा सकता है। हर्ष ने कहा कि अब हमारे मन में कोई डर नहीं, सभी लोग साथ हैं।

**सर्व समाज के मौन जुलूस में पथरावः** उदयपुर में तालिबानी मर्डर (कन्हैयालाल हत्याकांड) के विरोध में गुरुवार को सर्व समाज की ओर से मौन जुलूस निकाला गया। जुलूस में हजारों लोग शामिल हुए। जुलूस टॉउन हॉल से शुरू हुआ और कलेक्ट्रेट पर पहुंचा। कलेक्ट्रेट से लौटते समय दिल्लीगेट चौराहे पर कुछ युवकों ने पत्थर फेंक दिए। इस दौरान पुलिस ने डंडे बरसाकर खदेड़ा। पथराव किस पर किया।

## 2025 तक उत्तराखंड देश के श्रेष्ठ राज्यों में शामिल होगाः धामी




**देहरादूनः** मुख्यमंत्री ने कहा कि 2025 तक उत्तराखंड देश के श्रेष्ठ राज्यों में शामिल होगा। इसके लिए 10 वर्षों का एक मानक तैयार किया जा रहा है जो उत्तराखंड को विकास के पथ पर ले जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी गुरुवार को मुख्य सेवक सदन, मुख्यमंत्री आवास, देहरादून में सरकार के 100 दिन पूर्ण होने के अवसर पर सूचना एवं लोक संपर्क विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने विकास पुस्तिका का भी लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार के 100 दिन संकल्प, समर्पण एवं प्रयास को समर्पित रहे। आम चुनाव में पूर्ण बहुमत देने पर उन्होंने जनता को धन्यवाद अर्पित किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा किए गए।

## खबर संक्षेप

### दहेज में ट्रैक्टर खरीदने के लिए पैसा न मिलने पर ससुरालियों ने विवाहिता को भगाया

**मऊआइमा।** ससुरालियों ने विवाहिता से दहेज में ट्रैक्टर का पैसा न देने पर मार पीट कर भगा दिया । विवाहिता ने पति सहित तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है ।मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम छीतेमऊ निवासी हरिश्चन्द्र पुत्र किशोरीलाल का आरोप है कि उसने अपनी पुत्री सुनीता की शादी 2मई2021 को नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम दुखियापुर आदमपुर में किया था। आरोप है कि ट्रैक्टर के लिए मयके से पैसा लाने के लिए ससुराली दबाव बना रहे थे ।मांग न पूरी होने पर एक बार उसे कुआं में डाल दिया था। ग्रामीणों ने निकाल लिया था । परन्तु वह उक्त घटना को किसी को नहीं बताई। हरिशचन्द्र ने मऊआइमा थाने में सुनीता देवी के पति सुरेश कुमार ,जेठ उदय पटेल ,सास सीमा पटेल के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में उद्योगबंधु एवं व्यापार बन्धुओं की बैठक सम्पन्न

### उद्योग बन्धु एवं व्यापार बन्धुओं की समस्याओं को शीर्ष प्राथमिकता पर निस्तारित करने के दिए निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु एवं व्यापार बंधु समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जो प्रकरण उद्योग बंधु या व्यापार बंधुओं से सम्बंधित हो, उसकी जांच कर गुणवत्तापूर्ण कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। उन्होंने मे0 युनाइटेड, मेडीसिटी हॉस्पिटल रावतपुर, औद्योगिक क्षेत्र नैनी पर अवैध व्यक्तियों द्वारा किए गए कब्जों को हटाये जाने तथा विद्युत विभाग द्वारा मे0 भार्गव पैकटेक इण्डियन प्रेस, इलाहाबाद एग्रो कोमोडिटीज प्रा0लि0 तथा औद्योगिक आस्थान नैनी स्टाम्प शुल्क की प्रतिपूर्ति के सम्बंधों की जानकारी लेते हुए सम्बंधित अधिकारियों एवं उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया है कि गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराकर रिपोर्ट प्रेषित किया जाये।जिलाधिकारी ने जिला व्यापार बंधुओं की बैठक करते हुए विद्युत विभाग खुल्दाबाद के प्रकरण में उपायुक्त वाणिज्यकर एवं अधिशाषी अभियंता विद्युत को 10 दिनों में विद्युत कनेक्शन पर निर्णय लेने को कहा है। उन्होंने निर्देशित किया है कि कल 1 जुलाई को दोनों अधिकारी साथ भ्रमण कर उसकी रिपोर्ट देंगे।



व्यापारियों के साथ बैठक करते जिलाधकारी

व्यापार मण्डल द्वारा बताया गया है कि मुण्डेरा सड़क चौड़ीकरण के दौरान घरों के सामने बने सीवर टैंक खराब हो गये है, जिसपर जिलाधिकारी ने नगर निगम को पत्र लिखने के लिए कहा है। आबकारी विभाग द्वारा केसरूआ कला, सहसों के प्रकरण में वहां पर सीसीटीवी कैमरा तथा बोर्ड लगवाये जाने के निर्देश दिए है। शाहगंज में जर्जरतार की शिकायतों पर उसकों बदलने तथा मौके पर जाकर उसका समाधान किये जाने का निर्देश दिये है। सोरांव एंव होलागढ़ मोड़ पर साप्ताहित बंदी के बाद भी दुकान खोले जाने के दृष्टिगत उन्होंने श्रम विभाग के अधिकारियों को 10 दिनों में निस्तारण सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर मदन कुमार, एस0पी0 सिटी दिनेश सिंह, उपायुक्त वाणिज्यकर एवं उपायुक्त उद्योग अजय कुमार चौरसिया सहित उद्योग बंधु एवं व्यापार मण्डल के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**सहसों।** प्रयागराज गोरखपुर राजमार्ग पर रूदापुर गांव के सामने बुधवार को रात्रि लगभग नौ बजे फूलपुर की तरफ से आ रहे ट्रैक्टर की चपेट में आने से मौके पर ही वृद्ध की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना थरवई क्षेत्र के रुदापुर गांव निवासी पुरुषोत्तम यादव पुत्र लोकनाथ यादव टटिहरा रोड के सामने चाय पान की दुकान खोल रखी है। बुधवार की रात्रि लगभग 9 बजे पुरुषोतम अपने घर से खाना खाकर दुकान पर अपने लडके के लिए खाना लेकर जा रहा था जैसे ही वह सड़क पार करने लगा वैसे ही ट्रैक्टर की चपेट में आ गया और मौके पर ही दम तोड़ दिया। अंधेरा होने के कारण ट्रैक्टर चालक टेक्टर लेकर मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया। कुछ ही देर में आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। मौजूद लोगों ने फौरन ही इसकी सूचना पुलिस को दे दी। फिर वही पुलिस मौके पर पहुंचकर लिखा पढ़ाई करते हुए लाश को पोस्टमार्टम भेज दिया। उक्त वृद्ध की मौत की खबर पाकर परिजनों में कोहराम मच गया।



मानस प्रचारिणी समिति द्वारा निकाली गई भगवान जगन्नाथ पुरी की भव्य शोभायात्रा

## महायज्ञ के चौथे दिन निकाली गई भगवान जगन्नाथ की शोभा यात्रा

**मेजा रोड।** विकासखंड मेजा के पांती गांव स्थित श्री सिद्ध हनुमान मानस मंदिर में चल रहे पांच दिवसीय कल्याण उत्सव महायज्ञ कार्यक्रम के चौथे दिन गुरुवार को भगवान जगन्नाथ पुरी की भव्य रथ शोभायात्रा निकाली गई ।रथ शोभायात्रा का शुभारंभ श्री सिद्ध हनुमान मानस मंदिर से जगतगुरु रामानुजाचार्य प्रयाग पीठाधीश्वर, श्री धराचार्य जी महाराज बैकुंठ धाम प्रयागराज के द्वारा पंचामृत स्नान, कलश घंटा पूजन के बाद वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। तत्पश्चात रथ यात्रा को समूचे बाजार में भ्रमण कराया गया ।इस दौरान रथ यात्रा का जगह-जगह बाजार वासियों ने पुष्प वर्षा करते हुए स्वागत किया गया। डीजे के साथ निकली रथयात्रा में भारी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे। मानस प्रचारिणी समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य यजमान विजयानंद उपाध्याय सहित मौजूद लोगों ने रथयात्रा की रस्सियों को खींचते हुए अपने आप को कृतार्थ किया। रथ यात्रा में शामिल लोग भक्ति गीतों पर थिरकते रहे ।इस दौरान मेजारोड व्यापार मंडल के संरक्षक व मानस प्रचारिणी समिति के अध्यक्ष ईं नित्यानंद उपाध्याय रथ यात्रा में शामिल लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया। भगवान जगन्नाथ पुरी की रथयात्रा में मुन्नन शुक्ला, सिद्धांत तिवारी, पप्पू उपाध्याय, दिलावर सिंह, अभिषेक तिवारी टिंकू, नाथू गुप्ता, रामशिरोमणि तिवारीदुर्गेश तिवारी प्रेम शंकर तिवारी, ओ पी पांडेय, धीरज दुबे, नागर गुप्ता, राजीव तिवारी, नितेश तिवारी, आशीष उपाध्याय, धीरज उपाध्याय, नीरज उपाध्याय, छोटू उपाध्याय सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग भारी संख्या में मौजूद रहे।

# मेजा ऊर्जा निगम ने किया 250 करोड रुपए का ऋण समझौता

### कंपनी प्लांट से जुड़ी लागतों को प्रतिस्पर्धी के लिए अग्रसर : अनिल कुमार, बीते वर्ष में कम्पनी ने अर्जित किया 278 करोड का लाभ

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** उत्तर प्रदेश की ऊर्जा क्षेत्र की अग्रणी, मेजा उर्जा निगम प्राइवेट लिमिटेड (एमयूएनपीएल) ने 250 करोड़ रुपए के अल्पावधि ऋण के लिए पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किये है। एमयूएनपीएल केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम एनटीपीसी लिमिटेड और उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड का संयुक्त उद्यम है। संयुक्त उद्यम की स्थापना वर्ष 2008 में प्रयागराज जिले से लगभग 50 किमी दूर मेजा में 1320 मेगावाट कोयला आधारित मेजा थर्मल पावर प्लांट निर्माण तथा संचालन के उद्देश्य से की गई थी जो कि जनवरी 2021 से वाणिज्यिक संचालन में है। कंपनी की वित्तीय लगात को कम करने के उद्देश्य से अल्पकालिक ऋण के लिए समझौता किया गया है। उल्लेखनीय है कि एमयूएनपीएल




ऋण समझौता पत्र पर हस्ताक्षकर करते एमयूएनपीएल और पीएनबी के वरिष्ठ अधिकारीगण

के वित प्रमुख अशोक कुमार सिन्हा और पीएनबी के एजीएम आर के सिंह ने एमयूएनपीएल और पीएनबी के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए गये। इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी एमयूएनपीएल अनिल कुमार ने अपने संदेश में बताया कि कंपनी प्लांट से जुड़ी सभी लागतों को प्रतिस्पर्धी करने जिए अग्रसर है पीएनबी के साथ यह गठजोड़ निश्चित रूप से मील का पत्थर साबित होगा क्योंकि यह समझौता अब तक की सबसे प्रतिस्पर्धी दर के रुपए ऋण के लिए है। बैंक के सर्किल हेड दीप कुमार नेकंपनी की वित्तीय आवश्यकताओं को सबसे अधिक प्रतिस्पर्धी दरों पर पूरा करने के लिए बैंक की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

एमयूएन पीएल के महाप्रबंधक पीयूष कुमार ने इस मौके पर बताया कि एमयूएन पीएल सारे पर्यावरण, तकनीकी एवं वाणिज्यिक माप दण्डों का अनुपालन करते हुए गुणवता पूर्ण विश्वसनीय और सस्ती बिजली आपूर्ति करने के लिए संकल्परत है। गौरतलब है कि वित वर्ष 2021-22 के दौरान कंपनी ने 278 करोड रुपए का लाभ अर्जित किया है। इस ऋण समझौते के परिणामस्वरूप मौजूदा गठजोड़ की तुलना में लगभग तकरीबन एक प्रतिशत की बचत हुई है और वर्तमान में इसे पंजाब नेशनल बैंक के द्वारा एक वर्ष की अवधि के लिए दिया है।




## बृहद रोजगार मेले के आयोजन में 668 बच्चों का हुआ चयन

**नैनी।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नैनी प्रयागराज में क्षेत्रीय सेवायोजन प्रयागराज एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नैनी के संयुक्त तत्वाधान में बृहद रोजगार मेला का आयोजन किया गया। जिसमें निजी क्षेत्र की इंजीनियरिंग एव नान इंजीनियरिंग कमपनियां सम्मिलित हुई इसमें एस ग्रुप पुणे ,वैकमेट इंडिया लिमिटेड मथुरा एवं जेवीएम गुजरात प्रमुख थी मेले में एंप्लॉयमेंट की ओर से आए हुए कंपनियों द्वारा 668 बच्चों का चयन किया गया कुल 1292 बच्चे सम्मिलित हुए और आईटीआई एवं डिप्लोमा हेतु 207 बच्चे सम्मिलित हुए और लगभग 90बच्चे चयनित किए गए क्मेले में प्रमुख रूप से क्षेत्रीय सेवायोजन प्रयागराज के क्षेत्रीय सेवायोजन अधिकारी श्री अस्थाना जी, प्रधानाचार्य श्री एस के श्रीवास्तव ,अमृतलाल साहू कार्य देशक, प्लेसमेंट प्रभारी अजय कुमार ,सुरक्षा प्रभारी विनोद कुमार कुशवाहा श्रीमती रश्मि श्रीवास्तव प्रियंका विश्वकर्मा ,अनीता सरोज भोलानाथ, रामनरेश सिंह यादव, एवं एंप्लॉयमेंट के विभिन्न कर्मचारी एवं अधिकारी सम्मिलित होकर कार्यक्रम को संपन्न कराया।

## न्यूज झरोखा

### संचारी रोग पर नियंत्रण व साफ सफाई के प्रति हुई बैठक



**सिरसा।** प्रयागराज मेजा ब्लाक उरुवा क्षेत्र 30 जून 2022 को संचारी रोग नियंत्रण पर विकासखंड उरुवा के सभागार में एडीओ कोआपरेटिव प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई जिसमें एडीओ पंचायत, खण्ड प्रेरक, सचिव, प्रधान, सफाई कर्मी, पंचायत सहायक ,डब्ल्यूएचओ मॉनिटर उपस्थित रहे कार्यक्रम में प्रभारी खंड विकास अधिकारी द्वारा सभी को जानकारी दी गई की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देते हुए जनमानस को जागरूक करना है एवं संचारी रोगों पर नियंत्रण के लिए जरूरी कदम उठाए जाएं और किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं किया जाए इसी कड़ी में एडीओ पंचायत सुदामा दास गावड़े ने सभी सफाई कर्मियों से सफाई और दवा छिड़काव पर विस्तार से समझाया अधीक्षक नीरज पटेल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर के दिशा निर्देशन में आरकेएसके ब्लॉक कोऑर्डिनेटर मनोज कुमार ने स्वास्थ्य विभाग की तरफ से संचारी रोग के बारे में बताया और उनसे होने वाले रोगों और उन से कैसे बचा जाए इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी।

### बारा पुलिस ने घर से भागी युवती को चौबीस घंटे में किया बरामद



**बारा।** नीबी लोहगरा की रहने वाली काजल आदिवासी पुत्री कमलेश कुमार 15वर्ष अपने पिता की डांट से गुस्सा होकर बुधवार सुबह घर से शौच के बहाने घर से भाग निकली कुछ देर के बाद काजल जब घर नहीं तो घर वालों को चिंता हुई और परिजनों ने उसको ढूंढना शुरू किया न मिलने पर परिजनों ने बारा पुलिस को लिखित सूचना दी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए काजल को कुड़ी गौहनी तिराहे के पास से गुरुवार की दोपहर को मुखबिर की सूचना पर एस आई राजेश सचान कांस्टेबल नैनसी ने बरामद कर लिया काजल कहीं भागने की फिराक में थी ।

### बिजली पोल में करेंट उतरने से भैंस की हुई मौत



**रत्योंरा।** कोरांव क्षेत्र की जर्जर बिजली व्यवस्था आखिर कब तक सुदृढ़ होगी इसका अंदाजा लगाया जाना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन है। जर्जर बिजली व्यवस्था के बदौलत अब तक इलाके में तमाम अप्रिय घटनाएं घटित हो चुकी हैं किन्तु विभाग उसे ठीक करने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार को क्षेत्र के बरनपुर गांव में बिजली के करेंट से एक गरीब के गाभिन भैंस की मौत हो गई। मामला सुबह लगभग 8 बजे का है जब पशु स्वामी ठाकुर दीन आदिवासी पुत्र तौलन आदिवासी भैंस को पानी पिलाने के लिए खूंटा गेराई से ढीला था। भैंस उस ओर गई जहां पर बिजली का पोल खड़ा था और पोल के सपोर्टर में बिजली करेंट उतरने के कारण चपेट में आने से भैंस की मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई और बिजली विभाग को भी घटना की जानकारी दी गई। सूचना पर विभाग का संविदा लाइनमैन बृजदेव मिश्रा घटना स्थल पर जा रहा था कि ग्रामीणों की जुटी भीड़ को देखते ही उल्टे पांव भाग निकला। फिलहाल पांच माह की गाभिन भैंस की मौत के बाद गरीब पशु स्वामी सिसकियां ले रहा था और लोग समझा बुझा रहे थे।

### घर बेंच कर हैन्डपंप बनवांऊ : प्रधान



**लेडियारी।** विकास खण्ड कोरांव के ग्रामपंचायत नीबी का हैन्डपंप दो माह से खराब पड़ा है।ग्राम प्रधान का कहना है कि बजट नहीं है , अपना घर बेंचकर नहीं बनवा पाऊँगा। इतना ही नहीं ग्राम प्रधान नीबी द्वारा हैन्डपंप न बनवाने से ग्राम वासियों को गन्दा व दूषित पानी पीने को मजबूर होना पड़ रहा है। ग्राम वासियों ने बताया कि हमारे बस्ती का हैन्डपंप दो माह से खराब पड़ा है। ग्राम प्रधान से कहने पर कहते हैं कि क्या अपना घर बेंच कर हैन्डपंप बनवांऊ सरकार पैसा नहीं दे रही है।जबकि उल्लेखनीय है कि राज्य वित्त योजना का बजट ग्राम निधि प्रथम में सरकार भेजती है। जिससे हैन्डपंप मरम्मत,मानदेय,स्टेशनरी आदि के लिए ही होता है।

### बारिस के मौसम में संक्रमण से रहें सावधान : डॉ अमित यादव

**सहसों।** बरसात के इस मौसम में तमाम तरह के संक्रमण एवं संक्रमित बीमारियों से बचने के लिए सहसों स्थित हरिओम चैरिटेबल ट्रस्ट में गुरुवार को एक जन जागरुकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में उपस्थित डॉक्टर अमित यादव ने बताया कि इस समय बरसात दस्तक दे चुका है मानसून में बदलाव हो गया है जिसकी वजह से तमाम तरह की संक्रमित बीमारियां अपना पांव पसारने लगी हैं। इस मौसम में संक्रमित बीमारी से बचने के लिए स्वच्छता, सावधानी एवं साफ सफाई ही बचाव का सबसे अच्छा तरीका है इस मौसम में होने वाली बीमारी जैसे सर्दी, खासी, सीजनल बुखार, मलेरिया, डेंगू , हैजा, चिकनगुनिया, पीलिया जैसी बीमारियां हमारे आपके शरीर में फैलने का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि विशेष तौर पर बरसात के इस संक्रमित मौसम में बरसात के पानी से बचें अन्यथा स्वांस, हॉट, एलर्जी, चर्म रोग, सूगर, अस्थमा के मरीजों को विशेष रुप से सावधानी बरतने की जरूरत है। उन्होंने इसके बचाव के लिए बताया कि इस संक्रमित मौसम में घर के अगल-बगल पानी जमा न होने दें, साफ सफाई पर विशेष ध्यान दें, दूषित पानी का प्रयोग न करें, ताजा भोजन करें, बाजार की बनी हुई तली भुनी चीजें जैसे समोसा, चाऊमीन, चटपटा, पानी पूड़ी आदि का सेवन बिलकुल न करें।

## पावस ऋतु के गीतों का लोकरंग सहेजना जरूरी : अशोक



**करछना।** बारिश की पहली बूंद के साथ घर आंगन खेत सिवान और वनप्रदेश में रचे बसे अतीत के पावस गीतों की परम्परा को सहेजना बहुत जरूरी है। इन्हीं गीतों में हमारी माटी,परिपाटी संस्कृति, संस्कार, लोकाचारऔर लोक का इंद्रधनुषी रंग रचा बसा है। लोक कलाकारों को चाहिए कि अपने ऐसे गीतों के लोकरंग को सहेजने के लिए आगे आएं। यह बातें आकाशवाणी और दूरदर्शन के ग्रामीण कार्यक्रमों के प्रस्तोता और के साथ-साथ माटी के गीतों का बदलता लोकरंग विषय पर शोध कार्य में जुटे चर्चित कवि अशोक बेशरम ने कही। उन्होंने बताया कि धान की रोपाई के साथ साथ रोपनी गीत से शुरू होने वाला वर्षा गीतों का यह सिलसिला प्रमुख रूप से कजरी,मल्हार,पूर्वी,विदेशिया, झूमर लाचारी औरआल्हा गीतों के साथ हमारे समाज में चर्चित रहा है। पुरबू के देशवा से चढ़लीं बदरिया,बरसइं लागी ना। मोरे पिया के अटरिया बरसइं लागी ना। या फिर, सखिया वरखा ऋतु कै आवन, पावन माटी महाकै ना। जैसे गीतों की गूंज धान की रोपाई के समय सिवानों में सुनाई पड़ती रही। पावस ऋतु के गीतों का गहबर रंग लेकर प्रायः कजरी ही मुख्य रूप से चर्चित रही। मिजार्पुरी, बनारसी, चौलर, घसिया, बेंगामैनपुरिया, बलियाउटी, मड़िहानी, इलाहाबादी, एकलवरा, शायरी, झूलागीत जैसे विभिन्न स्वरूपों में लगभग 86 से भी अधिक प्रकार की कजरी गीतों का चलन रहा। आज के बदलते दौर में फिल्मी गीतों के प्रति युवाओं की बढ़ती रुझान और जीवन की आपाधापी में चौपाल की परंपरा से दूर होते गांवो में कजरी,मल्हार और आल्हा जैसे गीतों का लोकरंग धीरे-धीरे सिमटता जा रहा है। नए कलाकारों को अपने बुजुर्गों से इसे संजोने के लिए तालीम लेने के साथ साथ मौसम की अभिव्यक्ति से जुड़कर अपने अतीत के संदर्भ,लोकसंस्कृति की पहचान को कायम रखने के लिए आगे आने की भी जरूरत है। सरकार के संस्कृति विभाग द्वारा भी ऐसे पारंपरिक और अतीत के गीतों को सहेजने के लिए विशेष कार्यक्रम चलाए जाने की आवश्यकता है जिसके माध्यम से लोकमंचों से अपनी प्रस्तुतियों के साथ हमारे लोककलाकार इस सर्जना को आगे बढ़ा सकें।

### सिरसा नवीन मण्डी में पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं

**सिरसा।** प्रयागराज मेजा क्षेत्र में भीषण गर्मी के मौसम में व्यापारी व किसान और ग्राहक परेशान हैं। मंडी में शीतल पेयजल की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। गला तर करने के लिए शीतल जल खरीदकर पीना पड़ रहा है। यहां पर लगे हैंडपंप बहुत दिन से खराब पड़ा हुआ हुए हैं।मेजा रोड स्थित सिरसा नवीन मंडी परिसर में शीतल पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं है। जिससे मण्डी में आठस लगाने वाले दुकानदार और ग्राहकों को पानी पीने के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।इस भीषण गर्मी के मौसम में हैंडपंप से गन्दा और बालूदार पानी निकल हैं। इससे मंडी में व्यापार करने वाले आढ़ती व व्यापारी परेशान हैं। वहीं फसल लेकर आने वाले किसानों को भी गला तर करने शीतल जल खरीदकर पीना पड़ रहा है सरकार से जनहित में कल्याणकारी योजनाओं का संचालन हो रहा है। इन योजनाओं का लाभ लोगों तक कितना पहुंचता है, यह भी किसी से छुपा नहीं है। अधिकारियों की जेब भरने से कुछ बचे तभी तो जनता का कुछ भला हो। मेजारोड स्थित नवीन मंडी परिसर में पेयजल आपूर्ति की समस्या बनी हुई है। मंडी परिसर में लगे चार हैंडपंप में तीन खराब पड़े हुए हैं जिसके चलते व्यापारियों को पानी खरीदकर पीना पड़ रहा। पानी की समस्या को दूर करने के लिए नल लगाए गए हैं लेकिन वह केवल मुंह दिखाई के लिए। मंडी समिति के सचिव से जब संपर्क करने की कोशिश की गई तो उनका मोबाइल नेटवर्क कवरेज एरिया से बाहर रहा।

# कन्हैयालाल के निर्मम हत्या पर लोगों में आक्रोश, विहिप बजरंगदल का प्रदर्शन




**अखंड भारत संदेश**

**धनूपुर।** देश में बढ़ते आतंकवाद एवं राजस्थान के उदयपुर में दिनदहाड़े हिंदू युवक कन्हैया लाल की दुकान में घुसकर निर्मम हत्या और उसके बाद जिहादी हत्यारों द्वारा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री को धमकी भरा वीडियो भी जारी कर- के देश की संप्रभुता को चुनौती देना भारत की जनता एवं विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल कभी बर्दाश्त नहीं करेगा।इसी जघन्य घटना एवं बार बार हो रहे इस्लामिक जिहाद, आतंकवाद तथा मुस्लिमों द्वारा किए जा रहे घटनाओं के विरुद्ध गुरुवार को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के नेतृत्व में हंडिया तहसील मुख्यालय पर पदाधिकारियों और हिंदू जनमानस के साथ इस्लामिक आतंकवाद का पुतला दहन कर विरोध जताया गया एवं एसडीएम हंडिया को ज्ञापन सौंपा गया।

इस अवसर पर प्रांत सहमंत्री महेंद्र मौर्य, जिला सहमंत्री विनेक त्रिपाठी, जिला सहसंयोजक बजरंगदल गंगापार दुर्गेश शुक्ला, पूर्व जिला उपाध्यक्ष आशीष सिंह, जिला धर्म प्रसार प्रमुख पंकज तिवारी, सत्संग प्रमुख प्रतापपुर आचार्य धीरज द्विवेदी याज्ञिक, उपाध्यक्ष धनूपुर पंकज शुक्ला, अध्यक्ष हंडिया शिवजीत यादव, मंत्री हंडिया माधवेन्द्र मिश्र, शुभम तिवारी, प्रेम सागर साहू, सत्यम तिवारी, विकास जायसवाल, विपिन मिश्रा बाबा, पिंटू मिश्रा, संगम लाल तिवारी, सुमित तिवारी, अंतिम विश्वास, मिथिलेश केसरवानी, निर्भय पंडित, सूबेदार गुप्ता, शिवा महाराज, प्रमील मिश्र, प्रवीन पाण्डेय, देवेन्द्र सिंह तथा हंडिया तहसील के अंतर्गत आने वाले समस्त प्रखंडों के पदाधिकारियों और कार्यकताओं सहित सैकड़ों की संख्या में हिंदू जनमानस उपस्थित रहे।

### विहिप कार्यकताओं ने सौंपा ज्ञापन

**सहसों।** फूलपुर तहसील परिसर में गुरुवार को विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल गंगा पार प्रयागराज के कार्यकताओं ने उदयपुर की घटना को लेकर एक हिंदू की नृशंस हत्या के संबंध में घोर निंदा करते हुए आतंकवाद विरोधी नारे लगाकर विरोध जताते हुए उपजिलाधिकारी फूलपुर को एक ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर अगुवाई करते हुए विष्णू दूबे स्वामी जी ने कहा कि यह बहुत ही निंदनीय व जघन्य अपराध है जोकि अछम्य है ऐसे दुर्दांत लोगों को कतई बख्शा नहीं जाना चाहिए इन हत्यारों को जल्द से जल्द हम सरकार से मांग करते हैं कि इनको फांसी की सजा होनी चाहिए इस घटना से पूरा लोकतंत्र शर्मसार हो गया है यही नहीं इन अपराधियों ने खुला चैलेंज भारत के प्रधानमंत्री को जान से मारने की धमकी भी दे डाली है हम सब इसकी घोर निंदा करते हैं। इस मौके पर पवन पांडे, सर्वेश मिश्रा, आशुतोष जी, अशोक शुक्ला, सुनील यादव, शांतनु जी, एवं दीपक द्विवेदी सहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### उदयपुर में हिन्दू की हत्या के विरोध में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल का करछना में प्रदर्शन



**करछना।** उदयपुर राजस्थान में हिंदू की इस्लामिक लोगों द्वारा की गई हत्या के विरोध में जमुनापार प्रयागराज विश्व हिंदू परिषद वह बजरंग दल के कार्यकताओं द्वारा तहसील करछना पर जोरदार प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को संबोधित उप जिला अधिकारी अमृता सिंह को ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में संगठन के लोगों ने देश के राज्यों में घटित हो रही इस्लामी आतंकवादी घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए देश के राज्यों में इस्लामिक आतंकवादी लोगों द्वारा हिंदुओं की हो रही हत्या वह उदयपुर में हिंदू की हत्या गत दिनो हुई हत्या के विरोध में राष्ट्रपति से मांग की है कि राजस्थान कि सरकार को बर्खास्त किया जाए तथा मदरसों को बंद कराया जाए कट्टरवादी इस्लामिक संगठनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए तथा सरकार ऐसे इस्लामिक कट्टरवादी संगठनों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करें नहीं तों विश्व हिंदू परिषद पूरे देश में सड़क पर उतर कर विरोध करेगी ज्ञापन में अपनी मांगों को लेकर उपजिलाधिकारी करछना के समक्ष दिया । सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस एवं पीएससी बल के जवान मुस्तैद रहे।

### उप जिला अधिकार बारा को विहिप ने सौंपा ज्ञापन



**बारा।** विश्वहिंदू परिषद् के कार्यकर्ताओं ने उप जिला अधिकार बारा शौम्या गुरु रानी को ज्ञापन देकर राजस्थान के उदयपुर में हुए दिन दहाड़े हिंदू युवक की दुकान में घुसकर नृशंस हत्या की कड़ी निन्दा की कार्यताओ ने ज्ञापन में नूपुर शर्मा और नवीन कुमार के परिवार को कड़ी सुरक्षा देने की सरकार से की मांग ज्ञापन सौंपने में प्रमुख रूप से विजय शंकर पांडेय जिला गो रक्षा प्रमुख प्रयागराज मनोज सिंह विहिप जिला उपाध्यक्ष शिव मोहन हिंदू वीरेंद्र मिश्रा रामू शुक्ला रामभूषण शुक्ल धर्मेंद्र दुबे विवेक केसरवानी विनय दुबे आदित्य विश्वकर्मा राम सिंह छोटू मिश्रा अनुज जयसवाल सुभाष शर्मा आदि कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### बैंक ऑफ बड़ौदा के कैशियर ने महिला ग्राहक से की अभद्रता

**लालगोपालगंज।** स्थानीय कस्बा में संचालित बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा में कैश काउंटर पर नकदी देने के लिए बैठा कैशियर ग्राहकों से अभद्र भाषा में बात करने से बिल्कुल भी परहेज नहीं करता। इसी आदत के चलते कैश काउंटर पर नकदी लेने पहुंची एक महिला से कैशियर ने अभद्रता की। जिसकी शिकायत बैंक में बैठे शाखा प्रबंधक से की गई। जिसपर शाखा प्रबंधक ने दुख व्यक्त किया। लालगोपाल गंज नगर पंचायत में बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा संचालित है। जहां ग्राहक बैंक के के अलग-अलग कार्यों को लेकर आए दिन प्रश्न चिन्ह लगाते हैं। बैंक कर्मियों की लापरवाही के चलते ग्राहकों का बैंक परिसर में घंटों समय बर्बाद हो जाता है। बैंक की कुर्सी पर बैठकर ग्राहकों पर रौब झाड़ना आम बात है। इसी के चलते पैसे लेने के लिए एक महिला खाली पड़े कैश काउंटर पर पहुंची। केबिन में बैठा कैशियर महिला ग्राहक से अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए भीड़ में फटकार लगा दी। खुद को किसी अन्य कार्य में व्यस्त बताते हुए बगल के कैश काउंटर से नकदी लेने के लिए भागो जैसे शब्द का प्रयोग किया। कैशियर के इस अमानवीय रवैया और भीड़ में खुद को अपमानित करने की बैंक में बैठे शाखा प्रबंधक अभिषेक से शिकायत की गई। जिसपर शाखा प्रबंधक ने नाराजगी जताते हुए कैशियर के रवैया पर दुख व्यक्त किया। महिला ने बैंक के उच्चाधिकारियों से शिकायत करने की ठानी है।

# विभिन्न विभागों द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का कृषि उत्पादन आयुक्त ने किया शुभारम्भ

**अखंड भारत संदेश**

**कृषि उत्पादन आयुक्त ने खाद, बीज एवं अन्य संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता बनाये रखने के दिए निर्देश**



प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारम्भ करते कृषि उत्पादन आयुक्त

**प्रयागराज।** कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में मोती लाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान(एम0एन0एन0आई0टी0) के मल्टीपरपज आडिटोरियम में गुरूवार को प्रयागराज, विंध्याचल एवं वाराणसी मण्डल की संयुक्त मण्डलीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी-2022 का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कृषि उत्पादन आयुक्त के द्वारा दीप प्रज्जवलन कर गोष्ठी का शुभारम्भ किया गया। गोष्ठी में कृषि उत्पादन आयुक्त द्वारा खरीफ के लिये की गयी तैयारी तथा मण्डलों में तैयार की गयी रणनीति की समीक्षा के साथ ही जनपदों के किसानों से फीडबैक भी लिया गया।मण्डलायुक्त संजय गोयल द्वारा अवगत कराया गया कि खरीफ हेतु पूरी तैयारी हो चुकी है। खरीफ हेतु निर्धारित लक्ष्यों की शतप्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। मण्डलायुक्त विंध्यांचल ने कहा कि जनपद मिजार्पुर एवं सोनभद्र की भौगोलिक स्थिति बुन्देलखण्ड के समान है। अतः इन जनपद के किसानों को बुन्देलखण्ड के समान सुविधायें उपलब्ध करायी जाए। मिजार्पुर जनपद में जैविक उत्पाद के प्रमाणीकरण हेतु संस्था न होने की समस्या रखीं। इसके अतिरिक्त फेन्सिंग पर अनुदान, इफको के समान अन्य कम्पनियों की उर्वरक खरीद पर कृषक का बीमा का लाभ दिलाए जाने की मॉग किया।गोष्ठी के प्रारम्भ में जनपद प्रयागराज, विंध्याचल एवं वाराणसी मण्डल के विभिन्न जिलों से आये हुए कृषि वैज्ञानिकों एवं प्रगतिशील किसानों के द्वारा वैज्ञानिक खेती किए जाने के सम्बंध में किसानों को जानकारी दी गयी। कृषि वैज्ञानिकों के द्वारा कम लागत में अधिक उत्पादन किए जाने के उपायों के बारे में विस्तार से कृषकों को जानकारी दी गयी। वैज्ञानिकों के द्वारा किसानों को फसल चक्र अपनाने, बीज शोधन, प्राकृतिक खेती, मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ाने सहित अन्य तकनीक के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। इस अवसर पर प्रयागराज, विंध्याचल एवं वाराणसी मण्डल से आये हुए प्रगतिशील किसानों ने अपनी जानकारी व अपनी उपलब्धी किसानों के साथ साझा की। विभिन्न जनपदों से आये हुए प्रगतिशील किसान श्री सुधीर मौर्य प्रयागराज, लोकनाथ पाण्डेय फतेहपुर, अंगद कुमार मौर्य कौशाम्बी, संजीव कुमार प्रतापगढ़, अजय सिंह चंदौली, रामकुमार गाजीपुर, रजनीश सिंह जौनपुर, संध्या सिंह जौनपुर, राहुल त्रिपाठी भदोही आदि के द्वारा आमदनी को बढ़ाने हेतु कृषि तकनीकि एवं उत्पादकता बढ़ाने के सम्बंध में अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम के अंत में मण्डलायुक्त प्रयागराज एवं मण्डलायुक्त विंध्याचल मण्डल ने कृषि उत्पादन आयुक्त को आश्वस्त करते हुए कहा कि जो भी निर्देश दिए गए है, उसका अक्षरशः पालन किया जायेगा। जिलाधिकारी प्रयागराज श्री संजय कुमार खत्री ने कृषि उत्पादन आयुक्त एवं अन्य अधिकारियों तथा गोष्ठी में आए हुए कृषकों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि कृषि उत्पादन आयुक्त महोदय के द्वारा दिए गए निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जाएगा। इस अवसर पर सचिव कृषि श्री अनुराग यादव तथा तीनों मण्डलों के जनपदों के जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी तथा कृषि विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारीगणों के अलावा काफी संख्या में कृषकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डा0 प्रभाकर त्रिपाठी, अपर जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा किया गया।गोष्ठी के प्रारम्भ में कृषि उत्पादन आयुक्त के द्वारा एमएनआईटी परिसर में कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारम्भ किया गया। उन्होंने कृषकों के लिए उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा कि योजनाओं एवं उत्पादों के बारे में किसानों को जागरूक करने एवं किसानों को लाभान्वित कराये जाने के लिए कहा है।

## न्यूज झरोखा

### काल्विन अस्पताल में आईसीसीयू की मांग को लेकर इलाहाबाद विकास मंच ने आयुक्त को सौंपा ज्ञापन



**प्रयागराज।** गुरुवार को इलाहाबाद विकास मंच के कार्यकताओं ने मंच के अध्यक्ष बद्री चौरसिया के नेतृत्व में मोतीलाल नेहरू अस्पताल (काल्विन)में आईसीसीयू ,एमआरआई,सीटी स्कैन एवं डॉक्टरों के रिक्त पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर आयुक्त महोदय प्रयागराज को ज्ञापन देने पहुंचे,आयुक्त महोदय की ओर से अपर आयुक्त पुष्पराज सिंह ने ज्ञापन लिया,इस अवसर पर मंच के अध्यक्ष बद्री चौरसिया ने अपर आयुक्त प्रशासन पुष्पराज सिंह को बताया कि आजादी के 75 वर्ष बीत जाने के बाद भी इस अस्पताल में आईसीसीयू, एमआरआई, सीटी स्कैन की सुविधा नहीं है ,ज्ञापन सौंपते हुए दूसरी आजादी आंदोलन के संयोजक डॉ नीरज ने अपर आयुक्त महोदय को बताया कि मोतीलाल नेहरू अस्पताल में डॉक्टरों के 45 पद मौजूद हैं जिसमें 26 पद रिक्त हैं केवल 19 डॉक्टरों के भरोसे यह मंडलीय अस्पताल वर्तमान में चल रहा है अपर आयुक्त प्रशासन पुष्पराज सिंह ने ज्ञापन देने के पश्चात विकास मंच के कार्यकताओं को आश्वासन दिया कि उनके ज्ञापन को हम दो बिंदुओं पर केंद्रित कर एक ज्ञापन सीएमओ प्रयागराज तथा दूसरा ज्ञापन उत्तर प्रदेश सरकार के वरिष्ठअधिकारियों को भेजने का काम करेगी। ज्ञापन देने वालों में मंच के अध्यक्ष बद्री चौरसिया, दूसरी आजादी आंदोलन के संयोजक डॉक्टर नीरज के अलावा गुफरान खान,मोहम्मद जुल्फिकार,अशोक अग्रहरि,कलानिधि त्रिपाठी,रवि बाबू जायसवाल,शंभू नाथ चौरसिया,रमेश साहू, जानी अहमद,अजय अग्रहरि, पटेल सिंह चौहान इत्यादि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### संगठन के प्रति निष्ठावान साथियों को मिली प्रदेश में प्राथमिकता : सर्वेश यादव




**प्रयागराज।** आम आदमी पार्टी महानगर कार्यालय में आज पार्टी के तीन कर्मठ कार्यकर्ता साथियों को पार्टी के प्रदेश प्रभारी संजय सिंह जी के द्वारा अयोध्या प्राण के प्रभारी विकास पटेल, पंचायत प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष एहतेशाम सूफी रसूली एवं काशी प्रांत के अध्यक्ष पवन तिवारी जी को जिम्मेदारी सौंपी गई। इन तीनों सम्मानित पदाधिकारियों का महानगर कार्यालय में पार्टी महानगर अध्यक्ष सर्वेश यादव के नेतृत्व में कार्यकताओं द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। आम आदमी पार्टी प्रयागराज महानगर सर्वेश यादव ने बताया कल पार्टी महानगर कार्यालय के नीचे तिरंगा शाखा लगाकर करेंगी तिरंगा शाखा की शुरूआत। विकास पटेल, पवन तिवारी एहतेशाम सूफी रसूली ने शीर्ष नेतृत्व एवं प्रदेश प्रभारी का आभार व्यक्त किया । स्वागत कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष सर्वेश यादव, शहर उत्तरी पूर्व प्रत्याशी संजीव मिश्रा जी, महानगर महासचिव अखिल भारतीय, सत्येंद्र चौधरी, विकास अग्रहरी, रितेश सिंह, गौरव सोनी, विकास तिवारी, धीरज तिवारी,रमाशंकर सिंह पटेल, आदि साथी मौजूद रहे।

# महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों के पंपों की बढ़ाई क्षमता

**एक करोड़ के निवेश से नैनी में तैयार हो रहा नलकूप, 10 हजार जनता कों मिलेगा लाभ : अभिलाषा, नलकूप अधिष्ठापन का कार्य प्रारंभ, महापौर ने किया पूजन**

**अखंड भारत संदेश**



बक्शी बांध पंप पर मौजूद अभिलाषा गुप्ता नंदी व जनता



नैनी में पंम्प का पूजन करतीं महापौर

**नैनी प्रयागराज।** गुरुवार को महापौर अभिलाषा गुप्ता नन्दी द्वारा बाण व वर्ष के दृष्टिगत शहर में जलप्लावन न होने पाए व शहर के प्रयागराज शहर उत्तरी विधानसभा तिलक नगर अल्लापुर व शहर दक्षिणी विधानसभा के रिफ्यूजी कॉलोनी, नैनी में पेयजल की समस्या के दृष्टिगत रखते हुए, दो बड़े नलकूप अधिष्ठापन का कार्य प्रारंभ किया गया। जिससे आस-पास के लगभग 10000 जनता लाभान्वित होगी। जिसमे लभगभ 1 करोड़ रुपये का व्यय किया गया।मोरी दारागंज बाण पम्पिंग स्टेशन स्टेशन में स्थापित पुराने पुम्पो के स्तहन पर दो नए पंप की स्थापना की गई, जिसकी क्षमता 95 क्यूसिक है । बक्शी बांध क्षेत्र पंप हाउस की क्षमता बढ़ाई गई इसकी क्षमता 220 क्यूसिक थी। वर्तमान में बढ़ाकर 240 क्यूसिक की गई, सभी पुराने पंपों को बदल कर नया कर दिया गया है । जिसमें आने वाले दिनों में होने वाली वर्षा तथा बाण के दौरान अल्लापुर के आसपास के बस्तियों को पानी की निकासी हो सके ।इस अवसर पर नगर आयुक्त प्रयागराज चन्द्र मोहन गर्ग, महाप्रबंधक हरिश्चंद्र बाल्मिकी, जोनल अधिकारी संजय ममगाई व मयंक यादव, अधिशासी अभियंता संघभूषण, पार्षद साहत हुसैन, नीलम यादव, कमलेश सिंह, नाम पार्षद अनूप मिश्रा, पूर्व पार्षद नीरज गुप्ता, मण्डल अध्यक्ष दिलीप केसरवानी, काशीक्षेत्र सदस्य युवा मोर्चा हर्ष केसरी, पूर्व काशीक्षेत्र सदस्य युवा मोर्चा गौरव मिश्रा, महामंत्री राम जी मिश्र, युवा मोर्चा अध्यक्ष रजत दुबे, युवा मोर्चा मंत्री रितेश शुक्ला, महामंत्री अभिषेक सिंह, चंद्र प्रताप, समर बहादुर, श्याम मिश्रा, शुभम पाल सिंह, सुधा तिवारी, अभिषेक पांडेय, सुरेश पटेल, अरविंद पटेल, सूरज पाल, आशीष अरोरा, परमानन्द वर्मा, सुशील निषाद, आलोक सिंह, अनूप मिश्रा, विवेक साहू, रितेश शुक्ला, रामजी मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

### नाबालिग भगाने व दुराचार के आरोपी को सात वर्ष की कैद

**प्रयागराज।** नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने और उसके साथ दुराचार करने के आरोपी को अदालत ने सात वर्ष की कैद व 13 हजार रुपए के जुमार्ने से दंडित किया। मामला थाना सराय ममरेज क्षेत्र का है। अदालत ने कहा कि मामले की परिस्थितियों पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के परिशीलन से यह स्पष्ट है कि आरोपी अजय उर्फ बेबी के द्वारा वादी की नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया और उसके साथ दुराचार किया यह आरोप साबित करने में अभियोजन पक्ष पूर्ण रूप से सफल रहा है, इसलिए आरोपित दंडित किए जाने के योग्य है।यह आदेश फास्ट ट्रेक कोर्ट की न्यायाधीश निशा झा ने सहायक शासकीय अधिवक्ता फौजदारी मृत्युंजय त्रिपाठी एवं आरोपित के अधिवक्ता के तर्कों को सुनने के बाद दिया। वादी ने सराय ममरेज पर 14 अप्रैल 2010 को गुमशुदगी दर्ज कराई थी कि तीन अप्रैल 2010 को उसकी बेटी उसकी मां के साथ बाजार गई थी तो उसे अजय उर्फ बेबी एवं अशोक कुमार बहला फुसलाकर भगा ले गया। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया। विवेचना के दौरान मुकदमा पीड़िता को आरोपितों के कब्जे से बरामद किया। दौरान मुकदमा एक आरोपी अशोक कुमार की मृत्यु हो जाने के कारण उसके विरुद्ध मुकदमे की कार्यवाही समाप्त की गई।

## नैनी अरैल घाट बन रहा नशेड़ीओं का अड्डा

**अखंड भारत संदेश**



**नैनी, प्रयागराज।** गुरुवार कों तेजी से वायरल हो रहा अरैल संगम तट के किनारे का वीडियो, जिसमें कुछ नशेड़ी संगम घाट के किनारे शारब पीते और चखना के रूप के चिप्स खाते दिखाई दे रहे है। इतना ही नहीं अर्ध नग्न अवस्था में सिगरेट भी पी रहे है। आस - पास उपस्थित किसी श्रद्धांलु ने नशेड़ियों की वीडियो बना ली, जो अब तेजी से वायरल हो रहा है। गंगा घाट के किनारे उपस्थित तीर्थ पुरोहितो की मानो तो इस तरह के दृश्य शाम होते दिखाई देने लगते है, यही मना किया जाए की यहाँ शराब न पीजिये ये धार्मिक स्थल है लड़ाई पर उतारू हो जाते है।

**प्रशासन नहीं दे रहा इस पर ध्यान :** आम जनता ने तो संगम किनारे शराब पीते दो व्यक्तियों की वीडियो वायरल कर दी है, पर अब देखना है की इस तरह का दृश्य दुबाव ना दिखाई दे इसके लिए प्रशासन क्या सख्त कदम उठता है। वही स्थानीय लोगो की माने तो स्थानीय पुलिस का इस पर ध्यान नहीं जा रहा है। प्रशासन द्वारा अभियान लगातार यहाँ पर इन लोगो के लिए चलता रहना चाहिए।धार्मिक स्थल पर शराब पीना कत्तई बर्दास्त नहीं, विश्व हिन्दू महासंघ रविवार कों करेगा बैठक, सौपा जाएगा डीएम व एसएसपी कों ज्ञापन

**सरस्वती सेवा संस्थान ने जताई नाराजगी :** संगम घाट के किनारे वायरल हो रहे वीडियो के बाद हिन्दू संगठन द्वारा प्रतिक्रिया आनी शुरू हो गई। विश्व हिन्दू महासंघ के मण्डल प्रभारी राम प्रसाद यादव ने कहा की धार्मिक स्थलों पर इस तरह से शराब पीना कत्तई बर्दास्त नहीं किया जायेगा। रविवार कों इसके लिए बैठक आयोजित की गई है, जिसमें राजस्थान में एक हिन्दू के सर कलम किये जाने और संगम तट नशेड़ियों द्वारा शारब पिए जाने पर चर्चा करने के उपरांत सोमवार कों शासन - प्रशासन कों अवगत करते हुए उन्हें ज्ञापन सौपा जाएगा।वही दूसरी तरफ सरस्वती सेवा संस्थान के प्रबंधक कुंवर जी तिवारी ने कहा की इस तरह दृश्य हिन्दू आस्था कों आहत करता है, धार्मिक जगहों पर शराब ना पिया जाये इसके लिए शासन प्रशासन के साथ हम लोगो कों भी आपनी जिम्मेदारी समझते हुए उन्हें समझना चाहिए।

### घरेलू कलह से आजिज आ कर महिला ने पहले सिन्दूर खाया फिर फांसी पर झूल गयी ,नाजुक

**मऊआइमा।** घरेलू कलह से आजिजआकर महिला पहले सिन्दूर खा ली फिर फांसी पर झूल गयी । जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम चौहान का पूरा निवासनीय मनीषा धूरिया 24वर्ष पत्नी राहुल धूरिया परीवारिक कलह से ऊब कर पहले सिन्दू खा ली बाद में फांसी के फंदे पर झूल गयी। परिजनों ने नीचे ऊतार कर पहले सीएचसी ले गए। डाक्टरों के जवाब देने पर प्राइवेट अस्पताल में मनीषा को भर्ती कराया गया है । जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है ।मऊआइमा पुलिस का कहना है कि उसे इस बाबत कोई सूचना नहीं मिली है।

## अखिलेश यादव समाजवादी आंदोलन के महानायक : नरेन्द्र सिंह

**अखंड भारत संदेश**



अखिलेश यादव के जन्मदिन पर नरेंद्र सिंह ने वितरित किया छाता

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के 49वें जन्मदिन के पूर्व संध्या पर पार्टी के वरिष्ठ नेता व प्रदेश सचिव नरेन्द्र सिंह ने गुरुवार को संगम तट पर साधु सन्तों एवं जरुरतमंदों को वस्त्र, छत्र (छाता) तथा भोजन वितरण कर अपने नेता का जन्मदिन मनाया। स्वस्थ दीघार्यु होने तथा भविष्य मे उत्तर प्रदेश सहित देश का नेतृत्व सम्भालने के लिए तीर्थराज प्रयागराज से तथा सभी साधु सन्तों से आशीर्वाद मांगा। सपा प्रदेश सचिव नरेन्द्र सिंह ने इस अवसर पर कहा कि अखिलेश यादव वर्तमान समाजवादी आंदोलन के महानायक एवं इस देश के भविष्य हैं ,तथा समाजवाद के प्रणेता डाक्टर लोहिया, मुलायम सिंह यादव, जनेश्वर मिश्र आदि नेताओं के आचरण को आत्मसात करते हुए समाजवादी आंदोलन की परम्परा को आगे बढ़ाने मे अखिलेश यादव सतत प्रयत्नशील हैं। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव ने पूर्व मुख्यमंत्रित्व काल मे जो ऐतिहासिक फैसले किए थे, वो देश के लिए आज भी नजीर बने हुए हैं। नरेन्द्र सिंह ने आगे कहा कि सत्ता भले किसी को मिल गई हो, लेकिन जनता के दिल मे अब भी नेता अखिलेश यादव ही हैं क्योंकि उन्होंने मुख्यमंत्री रहते हुए समाज के हर वर्ग खासकर किसानों, महिलाओं, युवाओं, छात्रों, अल्पसंख्यकों, पिछड़ों, दलितों तथा हर कमजोर वर्ग के कल्याण के लिए बहुत सारी योजनाएं लागू कर उन्हें मुख्यधारा मे शामिल करने का भगीरथ प्रयास किया जिसकी चर्चा आज भी हो रही है। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से १०८ श्री योगिराज रमेश जी महाराज, महंत वृजभूषण दास, राम कुमार दास, लक्ष्मण दास, जगत्गुरु विश्वकर्मा शंकराचार्य स्वामी श्री दिलीप योगी राज, प्रभु दास, महंत सुरेश दास, दीपक दास सहित उपस्थित सैकड़ों संत महात्माओं ने दोनों हाथों को उठाकर हर्षध्वनि से अखिलेश यादव को स्वस्थ दीघार्यु एवं राजनैतिक उच्च शिखर पर पहुंचने का आशीर्वाद दिया।

## बडौदा यूपी बैंक में चोरी से हड़कंप, मकान दुकान के बाद बैंक में घुसे चोर

**हनुमानगंज।** सरायइनायत थाना क्षेत्र में दुकान, मकान के बाद चोर बुधवार की रात जीटी रोड पर स्थित बड़ौदा यूपी बैंक के रोशनदान की जाली तोड़ अंदर घुस गए। प्रयास के बाद भी वह कैश तक तो नहीं पहुंच पाए पर जाते जाते बैंक के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर उठा लगए बैंक मैनेजर की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच कर रही है। वाराणसी प्रयागराज मार्ग स्थित बड़ौदा यूपी बैंक हबूसा मोड़ शाखा के पीछे से रोशन दान की जाली काट बाथरूम में घुसे चोर बाथरूम के दरवाजे की कुण्डी तोड़ बैंक के अंदर आ गए पर वह कैश तक नही पहुच पाए जाते-जाते कैमरे का डीवीआर उठा लगे। गुरुवार की सुबह जब बैंक खुला तब घटना की जानकारी हुई तो बैंक कर्मियों के साथ स्थानीय लोगो में भी हड़कम्प मच गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुची पुलिस ने बैंक में जांच करने के बाद आसपास रहने वाले लोगों से भी पूछताछ की। शाखा प्रबंधक सौरभ मिश्रा की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## आजीविका मिशन की आईसीआरपी टीम शाहजहांपुर के लिए हुई रवाना

**अखंड भारत संदेश**




**करछना।** राष्ट्रिय ग्रामीण आजीविका मिशन परियोजना ग्राम विकास विभाग की अति महत्वाकांक्षी परियोजना साबित हो रही है, जिसके माध्यम से सरकार ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है, जिसके क्रम में समूह से जुड़ी महिलाओं को ही प्रशिक्षित कर समूह बनाने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया है। चूंकि आर्थिक समाजिक पिछड़ी समुदाय को मुख्य धारा से जोडना ही आजीविका मिशन का मुख्य उद्देश्य है जिससे की यह महिलाएं प्रशिक्षित होने के बाद कम्युनिटी रिसोर्स पर्सन के पद पर चयनित हुई और प्रदेश के विभिन्न जिलों में समूह बनाने के लिए टीम गठित कर भेजी जा रही है , अभी वर्तमान में यह सीआरपी टीम शाहजहांपुर भेजी जा रही है जो की उक्त जिले में समूह गठित करेंगी। चूंकि शासन की योजना वर्ष 2024 तक प्रदेश के सभी जनपदों के सभी विकासखंडों में समूह से जोड़कर लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं से अच्छादित करना हैं, जिसके लिए आजीविका मिशन प्रयासरत है ।उक्त कार्यक्रम ब्लॉक मिशन प्रबंधक आदित्य तिवारी की अगुवाई में संपन्न हुई ,श्री तिवारी द्वारा बताया गया की प्रत्येक टीम के प्रति सद्स्य औसतन 18 से 20 हजार की आमदनी करेंगी। कार्यक्रम में संजय चौधरी द्वारा टीम को विस्तृत सूचना दी गई तथा नियमों एवम् शर्तों का सुक्ष्म वर्णन भी किया गया ।सीआरपी टीम में सुजीता पटेल , रूपा देवी , विनीता देवी , आरती देवी, शर्मिला देवी, आरती देवी , उर्मिला देवी व अन्य महिलाऐं टीम का हिस्सा बनी , वहीं मौके पर बीएमएम धर्मेंद्र यादव , जलज शर्मा, कंप्यूटर ऑपरेटर गुलाम गौस, ब्रिजेश यादव , रविंद्र पटेल आदि उपस्थित रहे।

## सीबीआई ने करेली में छापा मारकर माफिया अतीक के गुर्गे को किया गिरफ्तार

**प्रयागराज्र।** सीबीआई ने बृहस्पतिवार को करेली के गौसनगर में छापा मारकर अतीक अहमद के गुर्गे हमजा अंसारी को गिरफ्तार कर लिया। लखनऊ के कारोबारी मोहित जायसवाल अपहरणकांड में सीबीआई कोर्ट ने हमजा के खिलाफ एनबीडब्लू जारी किया था। सीबीआई ने करेली पुलिस के साथ हमजा को गौसनगर कब्रिस्तान के पास से पकड़ा। करेली थाने में दाखिल करने के बाद टीम उसे लेकर लखनऊ चली गई। लखनऊ के रियल इस्टेट कारोबारी मोहित जायसवाल का अपहरण 26 दिसंबर को 2018 को लखनऊ से किया गया था। अपहर्ता उसे लेकर देवरिया जेल गए थे जहां अतीक अहमद बंद था। जेल में ही अतीक ने मोहित को जमकर पीटा और उसकी दो कंपनियों को अपने गुर्गों के नाम लिखवा लिया था। 28 दिसंबर को जब मोहित ने लखनऊ के कृष्णानगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई तो हड़कंप मच गया था।दो दिन बाद ही अतीक को देवरिया से बरेली जेल ट्रांसफर कर दिया गया था। इस मामले में पुलिस ने अतीक और उसके बेटे उमर समेत 12 लोगों को आरोपी बनाया था। बाद में जब मामला सीबीआई के पास आया तो 17 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई थी। इसी मामले में करेली के गौसनगर निवासी हमजा अंसारी के खिलाफ सीबीआई कोर्ट ने एनबीडब्लू जारी किया था। बृहस्पतिवार को सीबीआई टीम ने शहर पहुंची। एसएसपी को पूरे मामले की जानकारी दी गई।करेली पुलिस के साथ सीबीआई ने हमजा के घर पर छापा मारा। वह नहीं मिला। उसी समय उसके कब्रिस्तान के पास होने की लोकेशन मिली। टीम ने हमजा को गिरफ्तार कर लिया। उसे करेली थाने में दाखिल कर पूछताछ की गई। इसके बाद सीबीआई टीम हमजा को लेकर लखनऊ चली गई। उसे शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा। सीओ प्रथम सत्येंद्र तिवारी ने बताया कि हमजा के खिलाफ सीबीआई कोर्ट का वारंट था। गिरफ्तारी के समय पुलिस ने सीबीआई टीम का सहयोग किया।

# झूम के बरसे बदरा, किसान खुश, गर्मी से मिली राहत

## गली-कूंचों व कस्बों से जलभराव से हुई परेशानी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मानसून की वर्षा आज गुरुवार को शुरू हो जाने से भीषण गर्मी से जहां लोगों को राहत मिली है, वहीं किसानों के चेहरे खिल उठे हैं।। जिन किसानों की धान की बेहन को पानी की सख्त जरुरत थी, उन्हें राहत मिली है। एक सप्ताह विलम्ब से मानसून आने से किसान चिन्तित थे। आज वर्षा हो जाने के बाद किसानों ने धान की रोपाई शुरू कर दी है। सबसे ज्यादा परेशान लोग इस बार भीषण गर्मी से हुए। गर्मी से बच्चे, बूढे. सब बीमार पड़ रहे थे। तापमान 35 से 40 डिग्री सेंटीग्रेड चल रहा था। आज वर्षा होने के बाद 10 डिग्री तापमान घट गया है। आज न्यूनतम तापमान 24.5 डिग्री व अधिकतम 26.5 डिग्री रिकार्ड किया गया है। गुरुवार को भोर से ही शुरू हुई वर्षा दोपहर तक अनवरत होती रही। कुल 27.6 मिली मीटर वर्षा रिकार्ड की गई है। शहर में नगर पालिका की नियमित सफाई से ज्यादा दिक्कत तो नहीं हुई लेकिन नगर पालिका के विस्तारित क्षेत्र सियाराम कालोनी, जोगापुर, रुपापुर आदि क्षेत्रों में वर्षा से बदहाली देखी गई। सड़कों पर नाली का गंदा पानी बहता देखा गया। यही हाल ग्रामीण कस्बों का भी है, जहां जल निकासी की व्यवस्था है ही नहीं। ज्यादातर ग्राम सभाओं में केवल कागजों पर विकास हुआ है। ऐसे क्षेत्रों में लोग परेशान दिखाई दिये।

## बरसे मेघराजा तो गली में जलभराव के बीच स्कूल आने को मजबूर हुए बच्चे

**बिहारगंज, प्रतापगढ़।** सदर तहसील क्षेत्र के बिहारगंज बाजार में चैराहे से लगभग 100 मीटर अंदर प्राथमिक विद्यालय है। बिहारगंज चैराहे से लेकर प्राथमिक विद्यालय और आगे पंचायत भवन तक जाने वाली लिंक रोड पर बरसात शुरू होते ही जलभराव की समस्या शुरू हो जाती है। न सिर्फ गली में रह रहे लोगों को आने जाने में दिक्कत का सामना करना पड़ता है, बल्कि चैराहे से 100 मीटर अंदर स्थित प्राथमिक विद्यालय के बच्चे और अध्यापक, महिला अध्यापिकाएं भी इसी जलभराव में पैदल आने पर मजबूर होते है। गांव वालो की माने तो यह लिंक रोड और नाली बने सालों हो गए उसके बाद नए चुने ग्राम प्रधान इसकी सुध लेने को तैयार नहीं है। इस बारे में कई बार जब ग्राम प्रधानपति रणधीर सिंह से बात की गई तो कार्ययोजना में सम्मिलित होने की बात कहकर बात खत्म कर देते है। जलभराव से स्कूल के बच्चो, महिलाओं, गली में रह रहे लोगों दुकानदारों को आने जाने की समस्या है। ऐसे में संक्रमित बीमारियों का खतरा बना हुआ है।



बारिश से प्राथमिक विद्यालय की सड़क हुई जलमग्न।

## गर्मी से राहत पर अव्यवस्था से हुये हलाकान

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** गुरूवार की भोर से रिमझिम बारिश के चलते लोगों को गर्मी से राहत जरूर मिली। इसके बावजूद सड़कों तथा गांवों में पानी के जमाव से लोग असुविधा का सामना करते देखे जा रहे हैं। बुधवार की देर रात अनधड़ के हल्के झोंके के चलते कई हिस्सों मे विद्युत आपूर्ति भी बाधित हो उठी। गुरूवार को बारिश की शुरूआत में ही तहसील परिसर का हुलिया बिगाड़ दिया। परिसर में पानी का जमाव होने से वकीलों तथा फरियादियों को कठिनाई का सामना करना पड़ा। इधर बारिश के चलते दिन में बिजली आपूर्ति भी बाधित रही। सबसे ज्यादा कठिनाई बीएसएनएल के नेटवर्क फेल हो जाने को लेकर हुई। संचार सेवा लगभग ठप होने के चलते फरियादी या पीड़ित अफसरों के सीयूजी नंबर के साथ आपात सेवाओं से भी सम्पर्क करने में हलाकान दिखे। नगर पंचायत के कुछ हिस्सों में नाले की खुदाई व सफाई के कार्य के चलते लोग कीचड़ से भी परेशान नजर आये।

## कोर्ट की फटकार पर दलित महिला के साथ छेडछाड का दर्ज हुआ मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोर्ट की फटकार पर कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ दलित महिला के साथ छेडछाड व घर में घुसकर मारपीट एवं धमकी का केस दर्ज किया है। कोतवाली के मिश्रपुर निवासी रामप्यारे सरोज की पत्नी निर्मला ने दी गई तहरीर मे कहा है कि मवेशी के विवाद में बीती छब्बीस जनवरी को गांव के बाल कृष्ण के पुत्र सागर तिवारी, राजेश तिवारी के पुत्र शिव तिवारी व लल्लू के पुत्र कृष्णानंद पीड़िता को जातिसूचक गालियां दी। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके घर मे घुसकर मारपीट करते हुए कपड़े फाड़ दिये। आरोपी पीड़िता के साथ अश्लील हरकत करते हुए शिकायत करने पर जानलेवा धमकी देते चले गये। पीडिता ने घटना की सूचना पुलिस को दी किंतु जांच के नाम पर कार्रवाई नही हुई। इसके बाद पीडिता ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर इंसाफ की फरियाद की। कोर्ट की फटकार पर कोतवाली पुलिस ने बुधवार की रात तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## आरोपियों के खिलाफ बलवा तथा घर में घुसकर मारपीट का केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने आम तोड़ने के विवाद में पीडित तथा उसकी मां व भाई के साथ घर मे घुसकर मारपीट व गालीगलौज तथा तोडफोड की घटना में बलवा समेत कई गंभीर धाराओं में तीन नामजद व आठ से दस अज्ञात आरोपियों के खिलाफ बुधवार की रात केस दर्ज किया है। कोतवाली के पूरे बहादुर ओझा का पुरवा निवासी लाल बहादुर पुत्र रामकृपाल ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती छः जून को रायपुर तियांई के जटाशंकर यादव पुत्र रामपाल तथा राधेश्याम के पुत्र अर्जुन, कृपाशंकर के पुत्र राजेन्द्र व आठ दस अज्ञात आरोपियों के साथ मारपीट करने लगे। शोर मचाने पर आरोपी पीडित के घर घुस गये तथा उसकी मां व भयाहू को भी गाली देते हुए मारने पीटने लगे।

# सर्पदंश से चार वर्षीय किशोर की हुई मौत

## झाड़-फूंक में समय बर्बाद करने से नहीं मिल सका किशोरी को इलाज

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** घर के अंदर सामान लेने गए एक किशोरी को जहरीला सांप ने डस लिया जिसके बाद परिजन परेशान हो गये, परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल ना ले जाकर के झाड़-फूंक करने वाले के पास ले गए जहां पर काफी समय व्यतीत हो जाने के बाद जब उसे राहत नहीं मिली तो उसे अस्पताल ले जाया गया जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

पट्टी कोतवाली क्षेत्र के डाही गांव की रहने वाले छोटेलाल की बड़ी पुत्री सोनाली दो भाइयों और एक बहनों में सबसे बड़ी थी। बुधवार की देर शाम वह घर में कोई सामान ढूंढ रही थी तभी किसी जहरीले सर्प ने उसके हाथ की उंगली में डस लिया। घर से बाहर निकल कर उसने यह बात अपने परिजनों को बताई तो परिजन परेशान हो गए। उसे बाइक की सहायता से पड़ोसी गांव पूरे दलपत शाहपुर में झाड़-फूंक के लिए ले गए जहां पर थोड़ी देर झाड़-फूंक करने के बाद उसे अस्पताल ले जाने की सलाह दी गई तो परिजन परेशान होकर उसे पट्टी नगर स्थित सेठ पन्नालाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए जहां पर आपातकालीन सेवा देख रहे हैं डॉक्टर राकेश ने उसे मृत घोषित कर दिया दो भाइयों और एक बहनों में सबसे बड़ी थी। सोनाली की मौत के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है पिता छोटेलाल और मां सुषमा देवी अपनी बेटी को याद करके भी लिखने लगते हैं तो वही भाई आकाश और विकास भी अपनी बहन को याद करके रोने लगते हैं वही लोगों का कहना है कि अगर परिजन सोनाली को झाड़-फूंक के बजाय सीधा अस्पताल ले जाते तो शायद उसकी जान बच सकती थी लेकिन अंधविश्वास के कारण काफी समय व्यतीत हो गया जिसके कारण उसकी मौत हो गई।

**छोटेलाल की बड़ी पुत्री सोनाली दो भाइयों और एक बहनों में सबसे बड़ी थी। बुधवार की देर शाम वह घर में कोई सामान ढूंढ रही थी तभी किसी जहरीले सर्प ने उसके हाथ की उंगली में डस लिया। घर से बाहर निकल कर उसने यह बात अपने परिजनों को बताई तो परिजन परेशान हो गए।**

## रिटायर गार्ड का रेल कर्मियों ने किया स्वागत, दिया उपहार

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन के गार्ड बीबी श्रीवास्तव को उनके रिटायर होने के उपलक्ष्य में गुरुवार को वेटिंग हाल में विदाई समारोह आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गई। साथियों का प्रेम देख बीबी श्रीवास्तव की आंखें नम हो आई। इस मौके पर वक्ताओं ने बीबी श्रीवास्तव को उपहार भेंट किया। कहा कि वे कर्तव्य की मूर्ति थे। रिटायर तो सभी को होना है। लेकिन कुछ ही लोग होते हैं जो दिल में बस जाते हैं। बीबी श्रीवास्तव ने ड्यूटी के दौरान सहयोग करने वाले साथियों के प्रति आभार जताया। कार्यक्तम की अध्यक्षता कर रहे रिटायर गार्ड एसएन सिंह ने कहा कि कर्मचारियों की रिटायरमेंट पार्टी जरूर होनी चाहिए। आवश्यकता पड़ने पर वे भी आर्थिक सहयोग को तत्पर रहेंगे।

# मदरसा बाउंड्रीवाल पर चला प्रशासन का बुल्डोजर, हड़कंप

## बगल प्राइमरी स्कूल की जमीन पर कब्जा बताकर खाली कराया तहसील प्रशासन ने

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** सरकारी जमीन पर अतिक्रमण को खाली कराये जाने के लिए प्रदेश की योगी सरकार ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दे रखे हैं। मालूम हो कि नवाबगंज थाना क्षेत्र के परियावां मुस्लिम बस्ती में खुले मदरसा स्कूल में गुरुवार को कुंडा तहसीलदार भानु प्रताप सिंह ने नवाबगंज भारी पुलिस बल व राजस्व निरीक्षक जयचन्द्र मौर्य अपने राजस्व कर्मियों के साथ मौके पर बुल्डोजर लेकर दोपहर लगभग 12 बजे पहुचे जहाँ दारुल उलूम मडलूम आला हजरत नगर परियावां में खुलें मदरसा स्कूल पँहुचे जहाँ मदरसा स्कूल की बाउंड्रीवाल को बुल्डोजर से गिरवाकर 10 बिस्वा की जमीन को प्राइमरी स्कूल के निर्माण के लिए खाली करवाया।



मदरसा की बाउंड्रीवाल गिराने के बाद एकत्र भीड़ व पुलिस।

बाउंड्रीवाल के मुख्य गेट से सटे अवैध रूप से नदीम बिल्डिंग वर्क्स की दुकान जो एक बिस्वा बंजर भूमि में अतिक्रमण कर दुकान खोल रखे थे जिसे तत्काल खाली करवाकर बुल्डोजर से गिरवाकर जमीन को एक घण्टे के अंदर अतिक्रमण से खाली कराया। इस दौरान लोगो की भारी भीड़ जमा रही। मदरसा स्कूल के आस पास नवाबगंज प्रभारी सुरेंद्र सिंह, बलवन्त सिंह, प्रभात कुमार दीपक कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौजूद थे। मदरसा स्कूल से खाली कराए गए जमींन की कीमत अनुमानित 5 करोड़ बताई जा रही है। बुल्डोजर से मदरसे का मुख्य गेट आगे की व एक साइड की तरफ की दीवार को गिकाया गया। इस बात का लोगों मे आक्रोश था कि जब मदरसा स्कूल की बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य हो रहा था तब तहसील प्रशासन ने हस्तक्षेप नही किया। मदरसा स्कूल के कब्जे से खाली कराई गई जमीन में प्राइमरी स्कूल की बाउंड्रीवाल कराने के लिए तहसीलदार ने ग्राम प्रधान पति अनिल कुमार मौर्य को निर्देश दिया। मदरसा स्कूल की बाउंड्रीवाल को गिराने के बाद प्रशासन को राहत मिली। प्रशासनिक अधिकारियों के जाने के बाद आस पास के लोग तरह तरह की चर्चा करते दिखाई दिए।

# यूसड वाटर प्रबंधन की कार्यशाला में दी गई जानकारी

## नगर निकायों के अधिकारियों ने लिया भाग

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय नगर एवम पर्यावरण अध्ययन केंद्र लखनऊ की तरफ से प्रतापगढ़ की नगर निकायों हेतु कार्यशाला आयोजित किया गया, जिसका थीम उत्तर प्रदेश राज्य सेप्टेज पालिसी एवम यूसड वाटर प्रबंधन है।

इस कार्यशाला में स्वच्छ भारत मिशन 2.0, यू0पी0 स्टेट सेप्टेज मैनेजमेंट पालिसी, सिटी सैनिटेशन एक्शन प्लान, ऑनसाइट मैनेजमेंट, ऑफसाइट मैनेजमेंट, ट्रीटमेंट ऑफ यूज वाटर आदि पर विस्तृत जानकारी डॉ एस डी सिंह हिमांशु चंद्र, डॉ नसरुद्दीन के द्वारा दी गयी, जिसमें प्रतापगढ़ नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी मुदित सिंह, पट्टी के अधिशासी अधिकारी मनोज प्रियदर्शी, अंतु की अधिशाषी अधिकारी पद्मजा मिश्रा, कटरा की अधिशाषी अधिकारी अंजू यादव, नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, राजस्व निरीक्षक लालबहादुर एवम राजेश बिंद ,स्वच्छ भारत मिशन के डी पी एम वरुण सिंह, डी सी आशीष मिश्रा, नगर निगम के जे ई और अन्य अधिकारी एवम कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



यूसड वाटर प्रबंधन की कार्यशाला में मौजूद ईओ नगर पालिका मुदित सिंह

## खुले में शौच गए मजदूर की ट्रेन से कटकर मौत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** खुले में शौच क्रिया जान लेवा साबित हो सकती है। चिलबिला रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को ट्रेन की चपेट में आने से मजदूर की मौत हो गई। जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के समय मृतक शौच करने निकला था। पुलिस के अनुसार चिलबिला स्टेशन पोल संख्या 904/17-19 के मध्य हरिद्वार एक्सप्रेस से कटकर 42 वर्षीय विनोद ऋषि पुत्र लकाडू ऋषि की मौत हो गई। मृतक खुट्टी हसेली थाना श्रीनगर जिला पूर्णिया बिहार का रहने वाला है। चिलबिला रेलवे स्टेशन पर रिमाडलिंग का जो काम चल रहा है उसमें वह मेठ था। बताया गया कि खुले में शौच के समय यह हादसा हुआ है।

## तीन आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने मारपीट की घटना में बुधवार की रात तीन आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास तथा मारपीट व धमकी का केस दर्ज किया है। कोतवाली के स्वामी का पुरवा शीतलमऊ निवासी राजनारायण की पत्नी सरोजा देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती पचीस जून को गांव के रमाकांत पुत्र बैजनाथ मिश्र, रमाकांत के पुत्र राजकुमार व राजकुमार मिश्र के पुत्र निखिल ने रंजिशन उसे लाठी डंडे से मारापीटा। हमले में चुटहिल पीड़िता बेहोश हो गयी। आरोपियों ने पीडिता व उसके परिवार को गाली देते हुए जानलेवा धमकी भी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने बुधवार की रात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को पालीथिन के विरुद्ध दिलाई की गई शपथ

## जागरुकता अभियान के दूसरे दिन संत अंथोनी इंटर कालेज में हुआ कार्यक्रम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पालीथिन के विरुद्ध नगर पालिका द्वारा चलाये जा रहे जागरुकता अभियान के दूसरे दिन प्रातः संत अंथोनी इंटर कालेज में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को प्लास्टिक का इस्तेमाल करने की शपथ दिलाई गई।

जैसे यह जागरुकता रैली अम्बेडकर चैराह से मीरा भवन की ओर आगे बढ़ी, वर्षा शुरू हो गई जिसमें बच्चों को रैली से निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। बता दें कि नगर पालिका शासन के निर्देश व नगर पालिकाध्यक्ष प्रेमलता सिंह व अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह की कार्य योजना के अनुसार शहर के अलग-अलग स्थानों पर पालीथिन की विरोध में शपथ दिलाने व रैली निकालकर लोगों को जागरुक करने की कोशिश कर रही है। एक जुलाई को बाबागंज स्थित अटल वाटिका में पालीथिन के विरुद्ध शपथ दिलाने व स्टेशन रोड तक रैली निकालने की योजना है। आज के जागरुकता कार्यक्रम में सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, प्रशांत सिंह, आरआई लाल बहादुर सिंह, राजेश बिन्द, स्वच्छ भारत मिशन के आशीष मिश्रा व संत अंथोनी के छात्र व शिक्षक शामिल रहे।



संत अंथोनी इंटर कालेज में शपथ लेते बच्चे व शिक्षकगण।

## रामलीला में नारद मुनि का रोल अदा करने वाले पात्र का हुआ निधन

**अखंड भारत संदेश**

**बाघराय, प्रतापगढ़।** बाघराय थाना क्षेत्र के मुरलीकपचरवा महमदपुरभाव गांव निवासी समाजसेवी गंगा प्रसाद द्विवेदी का बीमारी के चलते निधन हो गया निधन की सूचना पर गांववासियों मे शोक की लहर है। गंगा प्रसाद द्विवेदी गांव में लोकप्रिय थे जय बजरंग आदर्श रामलीला कमेटी मुल्लीकपुरवा में आयोजित रामलीला में नारद मुनि का अहम रोल अदा किया करते थे। इनके निधन हो जाने से रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों एवं मानस प्रेमियों में शोक की लहर है। जय बजरंग आदर्श रामलीला कमेटी के अध्यक्ष छोटे लाल पांडे, प्रदीप पांडे, अनिल पांडे, अमर बहादुर पटेल, माधव पांडे, सौरभ पांडे समेत अनेक समाजसेवियों ओने शोक व्यक्त किया है।

## उदयपुर में हत्याकाण्ड को लेकर बजरंग दल ने जताया आक्रोश, पुतला फूंकने का किया प्रयास

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राजस्थान के उदयपुर में हुई जघन्य हत्याओं के विरोध को लेकर गुरूवार को यहां बजरंग दल ने चैक पर विरोध प्रदर्शन किया। हालांकि विरोध प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं के पुतला फूंकने के प्रयास को लेकर पुलिस से नोंकझोंक भी हुई।

इसके बावजूद पुलिस ने बजरंग दल के कार्यकताओं को पुतला नहीं फूंकने दिया। पुलिस कार्यकताओं के हाथ में लहरा रहे पुतले को छीनकर कोतवाली उठा लायी। सीओ ने साफ कहा कि सरकार द्वारा पुतला फूंके जाने की अनुमति नहीं है। राजस्थान में उदयपुर में हुई हाल ही में हत्या की घटना के विरोध में दोपहर पूर्व बजरंग दल के कार्यकर्ता चैक पर एकत्रित हुये। कार्यकताओं ने आतंकवाद के खिलाफ नारेबाजी करते हुए घटना को लेकर आक्रोश जताया। चैक पर बजरंग दल के कार्यकताओं के जुटने की जानकारी मिलते ही कोतवाल कमलेश पाल भारी फोर्स के साथ पहुंच गये। इसी बीच सूचना पर सीओ रामसूरत सोनकर भी वहां पहुंच गये। सीओ ने बजरंग दल कार्यकताओं को पुतला फूंकने से मना किया। इस पर कुछ देर तक सीओ व बजरंग दल कार्यकताओं के बीच कहासुनी भी हुई। हालांकि पुलिस पुतले को कब्जे में लेकर अपने वाहन से कोतवाली उठा ले आयी। कार्यकताओं ने राजस्थान की कांग्रेस सरकार पर घटना को लेकर लापरवाही का आरोप लगाते हुए नारेबाजी भी की। चैक से बजरंग दल कार्यकताओं को समझा बुझाकर पुलिस ने माहौल को शांत कराया। इस मौके पर संजय उपाध्याय, मोहनलाल, जुगनू, बृजेश शुक्ल, सुशील, लवलेश, नागेन्द्र भूषण, चंचल, पंकज, रजनीश, आनन्द, शिवांशु, सिप्पू आदि रहे।

### विहिप व बजरंग दल ने फूंका आतंकवाद का पुतला

**पट्टी, प्रतापगढ़।** गुरुवार की दोपहर पुलिस के चैकन्ना रहने के बावजूद भी पट्टी नगर में उदयपुर की घटना के विरोध में बजरंग दल व विश्व हिन्दू परिषद ने अपना विरोध जताते हुए कार्यकताओं ने आतंकवाद का पुतला फूंक दिया। विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने कहा कि जिस तरीके से हिन्दू विरोधी गतिविधियां पूरे देश में चल रही है उसे हिंदू कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। इस दौरान जिला संयोजक विकास कुमार प्रखंड, मंत्री राम शिरोमण, रविंद्र त्रिपाठी, पप्पू पाल सहित दो दर्जन से अधिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एलायंस क्लब ने महिला बंदियों व बच्चों को दिये उपहार, महिला बंदियों के साथ की गोष्ठी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एलायंस क्लब इंटरनेशनल प्रतापगढ़ के पदाधिकारियों ने जिला कारागार प्रतापगढ़ पहुंचकर महिला बंदियों के साथ एक गोष्ठी की तथा उनको और उनके बच्चों को उपहार दिए। क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि क्लब के पदाधिकारियों ने जेल में पहुंचकर महिला बंदियों को लूडो व कैरम बोर्ड उनके बच्चों को खिलौने आदि देकर उत्साहवर्धन किया गया।

उन्होंने कहा कि जेल में निरुद्ध महिला बंदियों में जो बेटियां हैं अगर वे पढ़ना चाहे तो क्लब किताबें आदि देने को तैयार है। कई बेटियों ने पढ़ने की इच्छा जताई है उन सबको क्लब जल्द ही किताबें आदि देगा। क्लब के लोगों की पहल पर महिला बंदियों ने कहा कि हम सब सुंदरकांड का पाठ मंगलवार व शनिवार करेंगे हमें ढोल, मजीरा व सुंदरकांड की पुस्तक भी क्लब मुहैया कराएगा। इस अवसर पर प्रभारी जेल अधीक्षक राजेंद्र प्रताप चैधरी ने कहा कि क्लब का कार्य सराहनीय है एलायंस क्लब समय-समय पर आकर जेल के बंदियों के प्रति सकारात्मक व्यवहार कैदियों की जीवन व्यापक सुधार लाने में सहायक होगा। इस अवसर पर क्लब के पदाधिकारी अशोक अग्रवाल, अवधेश प्रसाद राय, डिप्टी जेलर सुनील कुमार द्विवेदी, जेलर रत्ना सिंह, मो0 शमीम, रामफल सिंह जेलवार्डर, रेखा उमरवैश्य, बबीता, विवेक यादव आदि उपस्थित रहे।



महिला बंदी के बच्चों को उपहार देते एलायंस क्लब के पदाधिकारी।

## अराजकतत्वों ने बाइक व कार में लगाई आग, जलकर राख

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर कोतवाली के भुपियामऊ चैकी अंतर्गत राजगढ़ गांव में बीती रात अज्ञात अराजक तत्वों द्वारा आग लगाने के चलते अल्टो कार व अपाचे बाइक पूरी तरह जलकर राख हो गई। दुर्गा देवी पत्नी स्वरू रमाकांत मिश्रा निवासी राजगढ़ की कार और बाइक बीती रात को अराजक तत्वों द्वारा आग के हवाले कर दिया गया, जिससे दोनो वाहन पूरी तरह से जलकर राख हो गई। घटना बीती रात लगभग दो बजे की है। घर के सभी परिजन सो रहे थे तभी टायर फटने की आवाज आई तो बाहर निकले देखा तो कार व बाइक में भीषण आग लगी हुई थी जिसमें टायर फट रहे थे। हल्ला गुहार सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। आनन-फानन में बाल्टी से पानी भर भर कर आग को बुझाने की कोशिश किए, परंतु आग पर काबू नहीं पाया जा सका। सूचना पर रात में पुलिस पहुंचकर घटना की छानबीन कर रही है।

## खबर संक्षेप

### बेटे ने ससुरालियों के साथ मिलकर मां को पीट पीट कर दिया अधमरा

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के महेन्द्र गांव में एक कलयुगी बेटे और उसके ससुराल वालों ने कुछ कहासुनी को लेकर आपस में मिलकर मां को लाठी डंडों से पीट दिया जिससे उसको काफी गम्भीर चोटे आई है। जानकारी के मुताबिक गौकरन एक मजदूर है उसके तीन लड़के हैं उसमें सबसे बड़ा राजकरन है जिसकी शादी करारी कोतवाली क्षेत्र के सैबसा गांव में दो साल पहले हुई थी लेकिन उसकी पत्नी यहां नहीं रह सकी आए दिन लड़ाई झगड़ा करती थी जिससे सास ससुर को नागवार गुजरी और उन्होंने अलग कर दिया लेकिन फिर भी वह लड़ती झगड़ती रहती थी हद तो तब हो गई जब गुरुवार को उसका लड़का और उसके ससुराल से आधा दर्जन से अधिक लोग आकर कर संगीता देवी को लाठी डंडों से पीट दिया जिससे उसको गंभीर चोटे आई हैं जब यह जानकारी गौकरन को हुई तो उसके द्वारा आपातकालीन 112 लगाने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने गौकरन के लड़के राजकरन को अपने हिरासत में लेकर थाने ले गई है। मौके पर दोनो पक्ष मौजूद हैं।

# विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के लाभार्थियों को दिया गया प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र

## जिला विकास अधिकारी ने पीएमईजीपी,एमवाईएसवाई,ओडीओपी एवं मुद्रा योजना के लाभार्थियों को किया ऋण चेक का वितरण



प्रमाण पत्र वितरित करते जिला विकास अधिकारी



मुख्यमंत्री का कार्यक्रम देखते लोग

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** मुख्यमंत्री द्वारा लोकभवन लखनऊ में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, ओ0डी0ओ0पी0 वित्त पोषण सहायता योजना एवं मुद्रा योजना के अन्तर्गत आयोजित वृहद ऋण मेला कार्यक्रम में एक लाख 90 हजार हस्तशिल्पियों, कारीगरों एवं छोटे उद्यमियों को रू0 16 हजार करोड़ का ऋण वितरण तथा वर्ष 2022-23 की रू0 02 लाख 35 हजार करोड़ की वार्षिक ऋण योजना का शुभारम्भ किया गया। इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण एन0आई0सी0, कौशाम्बी में किया गया तथा जनपद के उपस्थित लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री के उद्बोधन को सुना। जिला विकास अधिकारी विजय कुमार एवं उपायुक्त उद्योग एस0सिद्दीकी ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना के लाभार्थी आनन्द कुमार को रू0 10 लाख का ऋण चेक वितरित किया। इसी प्रकार मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के लाभार्थी दीपक कुमार को रू0 09 लाख का ऋण चेक तथा ओ0डी0ओ0पी0 योजना के लाभार्थी चन्द्रभान को रू 05 लाख का ऋण चेक वितरित किया। इसके साथ ही मुद्रा योजना के तहत पुष्पेन्द्र तिवारी को रू0 05 लाख का ऋण चेक एवं मो0 सलीम को रू0 1.92 लाख का ऋण चेक तथा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजन के तहत 05 लाभार्थियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र भी वितरित किया गया।

## न्यूज झरोखा

### प्लास्टिक मुक्त अभियान के तहत निकाली गई रैली




**भरवारी कौशाम्बी।** प्लास्टिक मुक्त भरत अभियान के तहत गुरुवार को नगर पालिका परिषद भरवारी व नगर पंचायत पश्चिमशरीरा में जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान नगर वासियों को समझाया गया कि प्लास्टिक पशुओं के साथ मानव जीवन के लिए भी घातक है। सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग के बाद नष्ट करने की सलाह दी गई। भरवारी में नगर पालिका तो पश्चिमशरीरा में टाउन एरिया प्रशासन की ओर से रैली निकाली गई। नगर क्षेत्र में रैली का भ्रमण कर सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर रोक लगाने की बात कही गई लोगों को बताया गया कि सिंगल यूज प्लास्टिक से पर्यावरण प्रदूषित होता है। पर्यावरण को बचाने के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद करना जरूरी है। दुकानदारों को भी सुझाव दिया गया कि सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद कर दें। वर्ना पहली बार पकड़े जाने पर ही 10 हजार का जुमार्ना देना होगा। जागरूकता रैली के दौरान सड़कों पर पड़ी सिंगल यूज प्लास्टिक को एकत्र भी किया गया।

### अंग वस्त्र देकर विदा किए गए सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी




**कौशाम्बी।** जून माह में पुलिस विभाग से चार पुलिसकर्मी सेवानिवृत्त हुए हैं बेहतर सेवा करने वाले पुलिस विभाग के सेवानिवृत्त कर्मियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मान पूर्वक विदा किया गया है इस मौके पर उनके कार्यों की सराहना की गई। पुलिस ऑफिस में सेवानिवृत्त हो रहे चार पुलिस कर्मियों बालेश्वर प्रसाद त्रिपाठी हरगोविन्द सिंह चौहान राजेन्द्र प्रताप सिंह श्याम नारायण बाजपेई को पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुष्प माला पहनाकर एवं अग वस्त्र भेट कर ससम्मान विदाई दी गयी।

# घटिया क्वालिटी की सामग्री से हो रहा नाले का निर्माण

## जिला पंचायत से बन रहे नाले में ठेकेदार और अधिकारियों की लगी भ्रष्ट नजर

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिला पंचायत द्वारा बरसात के पानी की निकासी किए जाने के मकसद से विकासखंड चायल के मखऊ पुर में 500 मीटर नाला का निर्माण कराया जा रहा है लेकिन जिला पंचायत के इस नाला निर्माण में ठेकेदार और अधिकारियों की भ्रष्ट नजर लग गई है जिससे नाला घटिया क्वालिटी का निर्माण कर रकम निकालने में ठेकेदार लगे हैं बताया जाता है कि घटिया क्वालिटी के ईट का प्रयोग नाला निर्माण में हो रहा है सीमेंट बालू के मिश्रण के अनुपात में भी जमकर खेल हो रहा है क्षेत्र की जनता ने मानक विहीन नाला निर्माण पर जिला पंचायत का ध्यान आकृष्ट कराया लेकिन घटिया नाला निर्माण पर रोक नहीं लगी है। जानकारी के मुताबिक चायल तहसील क्षेत्र के मखऊपुर में जिला पंचायत के माध्यम से नाले का निर्माण हो रहा है बरसात के पानी की निकासी के लिए लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए 500 मीटर नाला निर्माण की धनराशि जिला पंचायत द्वारा स्वीकृत कर ठेकेदार को अरविंद यादव के घर से मिलन यादव के घर तक 500 मीटर नाले का निर्माण पूर्ण करने का निर्देश दिया गया लेकिन जिला पंचायत के ठेकेदार की भ्रस्ट नजर सरकारी रकम पर लग गई और ठेकेदार ने विभागीय अधिकारियों से सांठगांठ कर घटिया क्वालिटी के नाला का निर्माण कराना शुरू कर दिया है नाला निर्माण में घटिया क्वालिटी की सामग्री का उपयोग कर मानक विहीन तरीके से नाले का निर्माण बेखौफ किया जा रहा है। नाला निर्माण की रकम में जमकर लूट खसोट एवं बंदरबांट किया जा रहा है घटिया निर्माण पर रोक लगाने और उसकी जांच करने का प्रयास जिला पंचायत के अवर अभियंता ने अभी तक नहीं किया है ग्रामीणों ने मामले की शिकायत भी अधिकारियों से की लेकिन ठेकेदार के बढ़ते वर्चस्व के चलते घटिया नाला निर्माण पर रोक नहीं लग सका है जिसके चलते ग्रामीणों के बीच भारी आक्रोश पनप रहा है।



घटिया सामग्री से बन रहा नाला

### सड़क हादसे में बाइक सवार तीन लहूलुहान

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली के सहिया गॉव निवासी वीरेंद्र अपनी बाइक पर सुमन और मंजू को बैठाकर कहीं जा रहे थे समदा चौराहे के आगे वशिष्ठ चीनी मिल के पास एक साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में दोपहिया वाहन का नियंत्रण खो गया और बाइक डिवाइडर से जा टकराई। डिवाइडर से टकराने के बाद बाइक सवार तीनो सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरे जिसमें वीरेंद्र और मंजू को गंभीर चोटे आयीं। राहगीरों के मुताबिक दुर्घटना के पश्चात उसी रास्ते से गुजर रहे 108 एम्बुलेंस के प्रोग्राम मैनेजर दिनेश यादव ने रूककर तत्काल 108 एम्बुलेंस को बुलाया और एम्बुलेंस चालक विनोद एवं ई ?म टी अंकित ने घायलों को तत्काल एम्बुलेंस में बैठाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया है राहगीरों के अनुसार 108 एम्बुलेंस सूचना पाने के 5 मिनट के अंदर ही दुर्घटना स्थल पर पहुंच गयी अतः राहगीर 108 के कर्मचारियों की प्रशंशा करते नहीं थक रहे थे बाद में प्रोग्राम मैनेजर ने दुर्घटना ग्रस्त बाइक और एक पैर का पायल अपने कब्जे में लेकर जिला अस्पताल आये। दिनेश यादव ने खुद अपने हाथों से दो पहिया वाहन (उऊाी'४७) और पायल उनके परिजनो को सौंप दिया इस ईमानदारी पर उनके परिजन की आंख भर आयी और 108 एम्बुलेंस की भूरि -भूरि प्रशंशा करने लगे।

### अज्ञात वाहन ने वृद्धा को रौंदा मौत

**कौशाम्बी।** सरायअकिल थाना क्षेत्र के बैरागीपुर गांव में गुरुवार सुबह खेतों की ओर जा रही एक वृद्धा को सड़क पार करते वक्त अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। अस्पताल ले जाते वक्त रास्ते में उसकी मौत हो गई। घटना से पीड़ित परिवार में कोहराम मच गया है। बैरागीपुर गांव निवासी पुरई मजदूरी करता है गुरुवार सुबह उसकी मां कुसुम देवी उम्र लगभग 70 वर्ष खेतों की ओर जा रही थी। सड़क पार करते वक्त किसी वाहन ने उसे टक्कर मार दी। ग्रामीणों ने वृद्धा को सड़क पर पड़े तड़पते हुए देखा तो परिजनों को सूचना दी। इस पर परिजन बदहवाश हालत में मौके पर पहुंचे। वृद्धा को लेकर नजदीकी अस्पताल के लिए रवाना हुए। रास्ते में ही वृद्धा की मौत हो गई। अस्पताल में जांच के बाद डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिवारीजनों ने शव का बिना पोस्टमार्टम कराए अंतिम संस्कार कर दिया है।



## अपर पुलिस अधीक्षक व सीओ के साथ कोतवाल ने किया पैदल गस्त

**कौशांबी।** कानून व्यवस्था को चुस्त दोस्त रखने और अपराधियों का मनोबल तोड़ने के उद्देश्य से अपर पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्राधिकारी मंझनपुर और मंझनपुर कोतवाल के साथ मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र में पैदल गस्त किया है पैदल गश्त के दौरान चौकी प्रभारी पुलिस फोर्स भी एएसपी सीओ के साथ मौजूद रही गुरुवार की देर शाम पुलिस टीम ने मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के ओसा चौराहा और उसके आसपास पैदल गस्त किया है पैदल गश्त के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने कानून व्यवस्था का पालन करने का लोगों को निर्देश दिया है और कानून व्यवस्था की हकीकत देखी है।

# रिमझिम बरसा पानी लोगों ने ली राहत की सांस

**अखंड भारत संदेश**

**बरसात शुरू होते ही सरकार के प्रतिनिधियों की कवायद की उड़ गई हैं धज्जियां**

**कौशांबी।** जून महीने के अंतिम दिन रिमझिम बारिश शुरू हो गई है भीषण गर्मी से तप रहे लोगों ने राहत की सांस ली है बरसात शुरू होते ही किसानों के चेहरे भी खिल उठे हैं और उन्हें अपनी फसल की बुवाई की उम्मीद जगने लगी है लेकिन गांव क्षेत्र में कच्चे घर झोपड़पट्टी वालों की मुसीबत बढ़ गई है जिससे उनके चेहरों में साफ तौर पर परेशानियां झलकने लगी हैं दूसरी तरफ सरकार और उनके प्रतिनिधियों द्वारा पूरे वर्ष जल निकासी की व्यवस्था बनाए जाने की कवायद की जाती है लेकिन बरसात शुरू होते ही सरकार के प्रतिनिधियों की कवायद की धज्जियां उड़ गई हैं गांव-गांव जल भराव होने लगा है नालियों का कीचड़ गंदगी सड़कों गलियों पर बहने लगी है नगर कस्बों की हालत भी दुर्दशा ग्रस्त है लेकिन पूरे वर्ष जल निकासी की कार्य योजना में लगे अधिकारियों के चेहरे पर तनिक भी शर्मिंदगी नहीं है अपने कार्यों में असफलता के बाद भी जल निकासी में लगे अधिकारियों के चेहरे पर मुस्कुराहट देखी जाती है रिमझिम बारिश के बाद तपन से आम लोगों ने राहत महसूस की है गुरुवार के दिन मौसम सुहाना रहा है पूरे दिन आसमान में बादल छाए गए हैं रुक रुक कर बारिश होती रही है जल निकासी की कार्य योजना पर अधिकारियों को आगे ठोस रणनीति बनाना होगा वरना जल निकासी बाधित होने से गांव क्षेत्र के कच्चे घर झोपडी के मालिकानो पर मुसीबत बढ़ जाएगी और बारिश के दिनों में गरीबों के घर गिरेंगे।

### यमुना के रेत में धधकती है दारू की भट्टी स्थानीय पुलिस बनी अनजान

**कौशांबी।** अवैध शराब भट्टी और संगठित अपराध पर रोक लगाने के आला अधिकारी के निर्देश कौशांबी थाना क्षेत्र में नहीं दिखाई पड़ रहे हैं कौशांबी थाना के गुरौली चौकी अंतर्गत महिला गांव के लोहकट मजरा के यमुना की तराई रेत में दिनदहाड़े लोहकट ग्रामवासी द्वारा बेखौफ तरीके से दारू की भट्टी संचालित किए जा रहे हैं अवैध भट्ठी से बनाए गए शराब को स्थानीय मजदूरों के हाथ बेचा जाता है जो शराब पीकर उत्पात मचाते हैं जिस पर स्थानीय थाना पुलिस बेखबर एवं अनजान बनी हुई है।

### गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अवैध मादक पदार्थ के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना चरवा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त सुनील कुमार पुत्र रामू गौतम निवासी चरवा पश्चिम थोक थाना चरवा को 400 ग्राम नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार कर बरामदगी के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# डायट में महिला शक्ति पर वेबीनार का आयोजन

## सौ दिन के कार्यक्रम में परिषदीय विद्यालयों में छात्राओं को सिखाए जाएंगे जुड़े कराटे के हुनर

**अखंड भारत संदेश**



वेबीनार कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक

**कौशाम्बी।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मंझनपुर एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी के संयुक्त तत्वाधान में उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति कार्यक्रम का एक दिवसीय यूट्यूब लाइव वेबीनार का आयोजन गुरुवार को प्रातः 11:00 से1:00 बजे तक डायट मंझनपुर में किया गया। जिसका विषय महिलाओं एवं बालिकाओं की शिक्षा सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन था इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डायट प्राचार्य उप शिक्षा निदेशक अनिल कुमार ने किया। डायट प्राचार्य द्वारा अवगत कराया गया कि यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में शामिल है, जिसका मूल उद्देश्य महिलाओं के अधिकारों के प्रति महिलाओं को जागरूक करना है साथ ही साथ बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा एवं स्वालंबन विषय पर भी प्रभावशाली कदम उठाना है। जनपद कौशांबी में मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें महानिदेशक परियोजना कार्यालय उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा महत्वपूर्ण योगदान दिया जा रहा है । कार्यक्रम के सह आयोजक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जनपद के परिषदीय विद्यालयों में शासन के निर्देशों के क्रम में 100 दिन का मिशन शक्ति कार्यक्रम संचालित हो रहा है जिसके तहत बालिकाओं को जूडो कराटे का प्रशिक्षण एवं शासन द्वारा विभिन्न प्रकार के वीडियो के माध्यम से सशक्त एवं जागरूक बनाने का प्रयास किया जा रहा है कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ निधि कनौजिया समाज सेविका एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ ने जनपद स्तर पर महिलाओं में व्याप्त समस्याओं को रेखांकित करने का प्रयास किया। भ्रूण हत्या, बाल श्रम एवं महिलाओं में स्त्री रोग संबंधी समस्याओं का सरल समाधान के बारे में अवगत कराया गया। डायट की वरिष्ठ प्रवक्ता सुश्री रिफत मालिक ने प्राथमिक विद्यालय में बालिकाओं को गुड टच एवं बैड टच के बारे में जागरूक करने हेतु शिक्षकों से सहयोग की अपेक्षा की। डायट प्रवक्ता डॉक्टर श्वेता कुमारी ने उत्तर प्रदेश में मिशन शक्ति की आवश्यकता पर अपने विचार प्रस्तुत किए आपके द्वारा ग्रामीण इलाकों में महिलाओं की समस्याओं एवं शहरी क्षेत्रों में कामकाजी महिलाओं के साथ कार्य स्थल पर होने वाले शोषण और उनसे बचाव के उपायों पर चर्चा की गई। डॉ वंदना सिंह प्रवक्ता डायट ने महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर बल देते हुए इन विपरीत परिस्थितियों में महिलाएं अपने आप को किस तरह स्वस्थ रख सकती हैं। डायट के प्रवक्ता डॉ अरमा देवी ने साहित्य में नारी की चेतना विषय पर आदि साहित्य से आधुनिक साहित्य तक में नारी चेतना के विषय में किए गए साहित्यिक कार्यों की विभिन्न प्रासंगिक संदर्भों के साथ चर्चा किया।

कार्यक्रम के समापन सत्र में श्रीमती भारती त्रिपाठी ने अपने प्रेरणादाई उद्बोधन के साथ मुख्य अतिथियों एवं जुड़े हुए सभी साथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन विवेक श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डायट के वरिष्ठ प्रवक्ता विपुल सागर ,डॉ एके श्रीवास्तव एवं कार्यक्रम के संयोजक डॉक्टर संदीप तिवारी ने विशेष रूप से कार्यक्रम के सफल बनाने में योगदान दिया। डायट के समस्त प्रवक्ता नरेंद्र कुमार कौशलेंद्र धीरज कुमार डॉ देवेश सिंह यादव नीतीश कुमार डॉ देवेंद्र मिश्र सुरेश मिश्र शबीह मुस्तफा विपिन कुमार राजेंद्र भारती एवं समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### ब्लॉक कार्यालयों में होगा समस्याओं का समाधान

**कौशाम्बी।** प्रत्येक सप्ताह की तरह ब्लॉक दिवस शनिवार को मनाया जाएगा। इस रोज खंड विकास कार्यालयों में बीडीओ पूरी टीम के साथ विशेष तौर पर जनसमस्या सुनेंगे। किसी भी गांव के लोग ब्लॉक कार्यालय पहुंचकर अपनी समस्या दर्ज करा सकते हैं। शीघ्र ही उसका समाधान किया जाएगा।

### सीएचसी में हुई सर्जन की तैनाती

**कौशाम्बी।** सरायअकिल सीएचसी में तीन साल से सर्जन की तैनाती नहीं थी। डिप्टी सीएमओ डॉ. हिंद प्रकाश मणि ने बताया कि अब यहां सर्जन डॉ. आशीष कुमार की तैनाती कर दी गई है। मरीज हाइड्रोसील, अपेंडिस, पाइल्स, फेस्टुला, पथरी, बच्चेदानी का ऑपरेशन किसी भी कार्यदिवस पर करा सकते हैं।

**बच्चों को निशुल्क कराएं स्वर्ण प्राशन**

**कौशाम्बी।** राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय पश्चिमशरीरा में शुक्रवार को निशुल्क स्वर्ण प्राशन कराया जाएगा। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. भूपेंद्र मणि त्रिपाठी ने बताया कि यह एक आयुर्वेदिक टीकाकरण है। इसमें 16 वर्ष तक के बच्चों को स्वर्ण भस्म, मधु, घी एवं अन्य दिव्य औषधियों का मिश्रण पिलाया जाएगा। कार्यक्रम सुबह नौ से दोपहर एक बजे तक चलेगा।

# हल्की फुल्की बारिश में नगर पंचायत के अधिकारियों के कार्यों की उड़ी धज्जियां

**अखंड भारत संदेश**

**नगर पंचायत चायल में सफाईकर्मी के न आने से लगा गंदगी का अम्बार विभागीय उपेक्षा से मजबूर नगर पंचायत के लोग खुद कर रहे हैं नालियों की सफाई**




नगर पंचायत चायल में लगा गंदगी का अंबार

**कौशाम्बी।** हल्की फुल्की बारिश शुरू होते ही नगर पंचायत चायल द्वारा कराए गए स्वच्छता अभियान के कार्यों की कलई खुल गई है पूरी नगर की गलियां गंदगी से बजबजा रही हैं नाली का कीचड़ और गंदगी गली सड़क पर बहने लगी है पूरे वर्ष जल निकासी की कार्य योजना बनाने वाले अधिकारियों के भ्रष्ट कारनामों की कलई खुल गई है नगर पंचायत चायल में सफाई कर्मचारी के वार्ड न 2 में ना पहुंचने से गांव में चारों ओर गंदगी का अंबार लगा है। नालियां चोक हो गई हैं जिस से दुर्गंध उठ रही है। नालियों से उठने वाली दुर्गंध से ग्रामीणों का हाल खराब हो रहा है बार-बार शिकायत के बाद भी सफाई कर्मी के कारनामे पर विभागीय अधिकारी रोक नहीं लगा सके हैं। जिससे ग्रामीणों में अधिकारियों के प्रति आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने काफी दिनों से सफाई कर्मी को गांव में देखा तक नहीं है। गांव में कूड़ा कई दिनों तक पड़ा रहता है नालियां गंदगी के कारण चोक हो गई हैं। आम दिनों में भी लोगों को भीषण गंदगी से जूझना पड़ रहा है। नालियों में बजबजा रही गंदगी से बीमारी का खतरा हमेशा बना रहता है। मजबूरी में ग्रामीण स्वयं सफाई करने को मजबूर हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष और अधिकारी से शिकायत करने का भी कोई असर सफाई कर्मी पर नहीं हो रहा है चायल पीएचसी जाने वाली मार्ग पर भी गंदगी का अंबार लगा है। तीमारदारों और आमजनमानस को आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### देवस्थान में बाधा डालने वाले दबंगों के खिलाफ एसडीएम से शिकायत

**कौशांबी।** मंझनपुर थाना क्षेत्र के बाभन पुरवा मजरा बंधवा रजवर गांव में देव स्थान पर पूर्व में नगर पालिका से जेट हैंडपंप लगाया जा रहा था लेकिन मौके पर पहुंचे दबंगों ने नगरपालिका के जेट हैंडपंप लगाने में व्यवधान डाल दिया है जिससे देवस्थान पर पानी की समस्या उत्पन्न है ब्रह्मदेव और हनुमान जी की मूर्ति स्थापित है इतना ही नहीं देवस्थान के पुराने चबूतरे को भी पूर्व में दबंगों ने बलपूर्वक तोड़ दिया था देवस्थान की जमीन पर दबंग कब्जा करना चाहते हैं मामले की शिकायत विकलांग पत्रकार रामप्रसाद ने उप जिलाधिकारी मंझनपुर से की है दबंग गुलाब यादव और उनके परिजनों पर रोक लगाए जाने जेट हैंडपंप लगाए जाने में व्यवधान को खत्म कराए जाने पूर्व में तोड़े गए देवस्थान के चबूतरे को मरम्मत कराए जाने और दबंगों पर कार्रवाई किए जाने की मांग शिकायतकर्ता ने की है।

### तमंचा कारतूस के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत अलग अलग थानों द्वारा दो अभियुक्तो को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से तमंचा व कारतूस बरामद होने पर दोनों अभियुक्तो का चालान न्यायालय कर दिया है जानकारी के मुताबिक थाना चरवा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त संदीप यादव उर्फ ब्रजेश कुमार पुत्र रविन्द्र नाथ यादव निवासी सैयद सरावां थाना चरवा को एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा अभियुक्त कमलेश पासी पुत्र स्व0 सुरेमन निवासी ओसा थाना मंझनपुर को एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### निरोधात्मक कार्यवाही में 09 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप मे थाना पश्चिम शरीरा से एक थाना कोखराज से तीन थाना सराय अकिल से एक थाना चरवा से तीन थाना पिपरी से एक कुल 09 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय कर दिया है

### तीन वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त दीनानाथ पटेल पुत्र पुरूषोत्तम पटेल निवासी अमहारोही व शिव प्रसाद पुत्र हुबलाल चौरसिया निवासी परसरा थाना कोखराज को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना सैनी पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त जावेद अहमद पुत्र खान मोहम्मद निवासी गोविन्दपुर गोरियो थाना सैनी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# सेहतमंद रहना है तो अपने किचन में मौजूद इन अनहेल्दी चीजों को बदलें इन हेल्दी चीजों से



सेहतमंद रहने के लिए स्वस्थ और संतुलित आहार लेना बहुत जरूरी है। क्या आप जानते हैं आपके किचन में कई ऐसी चीजें मौजूद होती हैं जो आपको स्वस्थ लग सकती हैं लेकिन सेहत के लिए नुकसानदायक होती हैं। इसलिए आपको अपने किचन से ऐसी अनहेल्दी चीजों को हटाने और उन्हें ऐसी चीजों से बदलने की आवश्यकता है जो वाकई आपकी सेहत के लिए फायदेमंद हैं। लेकिन सवाल यह है कि सेहतमंद रहने के लिए आपको अपने किचन में मौजूद किन चीजों में बदलाव करने की जरूरत है? इस लेख में डायटीशियन मनप्रीत से जानेंगे किचन में मौजूद अनहेल्दी चीजों के हेल्दी विकल्प।

**1. प्रॉसेस्ड वेजिटेबल ऑयल को कोल्ड प्रेस्ड वर्जिन ऑयल से बदलें**

प्रॉसेस्ड वेजिटेबल ऑयल के मुकाबले कोल्ड प्रेस्ड वर्जिन ऑयल में अधिक एंटीऑक्सीडेंट्स, विटामिन्स और मिनरल्स बरकरार रहते हैं। वहीं वेजिटेबल ऑयल प्रॉसेसिंग के दौरान कई प्रक्रियाओं से गुजरता है, जिसमें उनके पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं। इसलिए कोल्ड प्रेस्ड ऑयल का प्रयोग सेहत के लिए ज्यादा फायदेमंद होता है। कोल्ड प्रेस्ड ऑयल का इस्तेमाल आपके दिल के लिए भी अधिक स्वस्थ होता है।

**2. रिफाइंड चीनी को गुड़ और कोकोनट शुगर के साथ बदलें**

चीनी का सेवन सेहत के लिए कई तरह से नुकसानदायक है। चीनी शरीर का वजन बढ़ाने, ब्लड शुगर को बढ़ाने के अलावा कई रोगों के जोखिम को भी बढ़ाती है। इनके बजाए गुड़, शहद, कोकोनट शुगर जैसे चीनी के प्राकृतिक विकल्प चुनें। यह न सिर्फ आपको चीनी की तरह मिठास प्रदान करते हैं, बल्कि ये पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं और कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करते हैं।

**3. फ्रूट जूस को ताजे फलों से बदलें**

फल आयरन, फाइबर, मैग्नीशियम, पोटेशियम के साथ ही कई अन्य विटामिन्स और मिनरल्स से भरपूर होते हैं। लेकिन फलों से जब जूस निकाला जाता है, तो इस प्रक्रिया के दौरान फलों का रस और गूदा अलग हो जाता है। ऐसे में फलों के रस में सिर्फ शुगर रह जाती है और ज्यादातर जरूरी पोषक तत्व गूदे के साथ निकल जाते हैं। यही कारण है कि डॉक्टर्स आपको फलों के जूस की तुलना में साबुत फल खाने की अधिक सलाह देते हैं।

**4. मार्केट वाले नमकीन को होममेड पोहा मिक्सचर से बदलें**

बाजार में मिलने वाले नमकीन में नमक और मसाले बहुत अधिक होते हैं। साथ ही इन्हें तेल में तला जाता है। ये सेहत के लिए बिल्कुल भी फायदेमंद नहीं होते हैं। इसके बजाय आप घर पर ही पोहा से नमकीन बना सकते हैं। होममेड पोहा मिक्सचर बनाना बहुत आसान है।

सबसे पहले पोहा को कड़ाही में सुखाकर भून लें। मूंगफली किशमिश को घी में भूनकर अलग रख लें एक कढ़ाई में 1 छोटी चम्मच घी गरम करके मसाले (सरसों, सौंफ, करी पत्ता) डाल दीजिए। अब इसमें भुना हुआ चना डालें और एक मिनट के लिए भूनें। भुना हुआ पोहा, मूंगफली, चाट मसाला और नमक डालें और अच्छी तरह मिलाएं। जब यह मिक्सचर पूरी तरह से ठंडा हो जाए तो एक एयर-टाइट कंटेनर में स्टोर कर लें। आप दिनभर में 1-2 मुट्ठी इसका सेवन कर सकते हैं।

# ज़मीनी हकीकत भी बदले प्रतीकों की राजनीति



लगभग पंद्रह साल पुरानी बात है, जब स्वतंत्र भारत में पहली बार एक महिला को राष्ट्रपति बनने का अवसर मिला था। श्रीमती प्रतिभा पाटिल को कांग्रेस पार्टी ने इस पद के लिए अपना उम्मीदवार बनाया था। उनका जीतना भी लगभग तय ही था। इस बात को बार-बार रेखांकित किया जा रहा था कि पहली बार कोई महिला देश की राष्ट्रपति बनायी जा रही है, अतः उन्हें निर्विरोध चुनने दिया जाना चाहिए। तत्कालीन सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी तब इस बात का पूरा यश लेना चाहती थी कि वह एक महिला को राष्ट्र के सर्वोच्च पद पर बिठा रही है। यह यश तो कांग्रेस को मिला भी, पर तब यह बात भी उठी थी कि काश! प्रतिभा पाटिल इस पद के लिए कांग्रेस की पहली पसंद होतीं!

इस बार फिर वैसा ही मौका आया है। देश में सत्तारूढ़ दल भारतीय जनता पार्टी ने उड़ीसा में जन्मीं श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया है और कहा जा रहा है कि यह पहली बार है जब कोई आदिवासी महिला इस पद को पा रही है, अतः उनके खिलाफ विपक्ष को कोई उम्मीदवार नहीं खड़ा करना चाहिए। तब किसी महिला को मौका मिला था, और अब किसी आदिवासी महिला को यह अवसर मिलने वाला है। इस बात की महत्ता से इंकार नहीं किया जा सकता। लेकिन श्रीमती पाटिल की तरह ही इस बार भी श्रीमती मुर्मू राजनीतिक दलों की पहली पसंद नहीं हैं। तब भी योग्यता के बजाय उम्मीदवार के महिला होने पर ज़ोर दिया जा रहा था और अब भी इसी तर्क को आगे बढ़ाया जा रहा है।

इसमें कोई संदेह नहीं कि प्रतीकों का अपना महत्व होता है। किसी महिला का देश का राष्ट्रपति बनना या किसी आदिवासी का इस पद को पाना अपने आप में बहुत महत्वपूर्ण बात है, पर इस सच्चाई से भी तो इंकार नहीं किया जा सकता कि राजनीति की इस चाल में महिला के प्रति विशेष अनुकंपा के भाव का भी अपना स्थान है। पेंच यही हैं। मुद्दा स्त्री-पुरुष की बराबरी के सिद्धांत का है। मुद्दा इस बात को स्वीकार करने का है कि देश के इस सर्वोच्च पद पर बैठने की योग्यता, क्षमता देश की महिलाओं में है- उन्हें अनुकंपा नहीं, अधिकार चाहिए।

बहरहाल, यह तय है कि श्रीमती मुर्मू देश की राष्ट्रपति बन रही हैं। भाजपा एक आदिवासी महिला को इस पद पर दावेदार बनाने का यश भी ले ही सकती है। पर यही समय है जब यह भी तय होना चाहिए कि देश की महिलाओं को, पिछड़ों को, यह हक उनकी योग्यता के कारण मिलना चाहिए। राष्ट्रपति कोविंद का चयन भी जब हुआ था तो उनके पिछड़ा वर्ग का होने की बात को बार-बार दोहराया गया था। पिछड़े वर्ग का व्यक्ति देश का राष्ट्रपति बना यह निस्संदेह गर्व की बात है पर गर्व तो इस बात पर होना चाहिए कि पिछड़े वर्ग का कोई व्यक्ति इस पद तक पहुंचने की योग्यता अर्जित कर सका। सवाल इस योग्यता को रेखांकित करने का है। और इस रेखांकन का एक तरीका यह है कि कोई प्रतिभा पाटिल, याद्रौपदी मुर्मू या रामनाथ कोविंद पद के लिए पहली पसंद बनें।

श्रीमती पाटिल के राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव-अभियान के दौरान मैंने पहली पसंद वाली बात लिखी थी। वह लेख संयोग से उनकी निगाह में आ गया और तब उन्होंने टेलीफोन पर कहा था 'आप एंड रिज़ल्ट क्यों नहीं देखते, इससे क्या फर्क पड़ता है कि कोई पहली पसंद है या नहीं। उनका कहने का अभिप्राय यह था कि किसी महिला का राष्ट्रपति बनना ही महत्वपूर्ण है। ग़लत नहीं थीं वे। 'एंड रिज़ल्ट' किसी महिला का भारत का राष्ट्रपति बनना था। और यह निश्चित रूप से स्वागत-योग्य था। पर यहां सवाल 'एंड रिज़ल्ट' का नहीं है, सवाल महिलाओं, आदिवासियों, पिछड़ों के सर्वोच्च पदों पर पहुंचाने लायक बनने का है, यह मानने का है कि वे इन पदों के निर्वाह में सक्षम हैं। ये पद देकर उन पर कोई अनुग्रह नहीं किया जा रहा। स्वयं उन्हें, और देश को, यह स्वीकारना होगा कि हमारी महिलाएं, हमारे आदिवासी, हमारा पिछड़ा वर्ग योग्य और सक्षम है।जहां तक प्रश्न राष्ट्रपति-पद के निर्विरोध चुनाव का है, वह स्थिति सचमुच स्वागत-योग्य है। इस पद की महत्ता और गरिमा को देखते हुए यदि सारा देश एकमत हो सकता है तो यह उचित ही कहा जायेगा। पर इस विषय पर एकमत का अभाव किसी कमी का परिचायक नहीं है। सच तो यह है कि चुनाव जनतंत्र की एक ताकत है। सही तरीके से चुनाव हों, सही व्यक्ति निर्वाचित होकर पद पर पहुंचे, यह जनतंत्र की सफलता का ही प्रमाण है। फिर, चुनाव सिर्फ पद पाने के लिए ही नहीं होते, चुनाव सिद्धांतों को रेखांकित करने के लिए भी होते हैं, विचारधारकों की महत्ता प्रतिपादित करने के लिए भी होते हैं। राष्ट्रपति-पद के लिए होने वाले चुनाव में जीत लगभग तय ही होती है। यहां वोट चुने हुए सांसदों-विधायकों को डालना होता है। उनकी संख्या तय है। फिर भी यदि एक से, अधिक व्यक्ति मैदान में हैं तो इसका सीधा-सा अर्थ यह है कि मतदाता कुछ विशेष प्रतिपादित करना चाहता है। यह 'कुछ' वे सिद्धांत, मूल्य या विचार हैं जो राजनीति को आधार देते हैं। दुर्भाग्य से, आज हमारी राजनीति में सिद्धांतों, मूल्यों और विचारों के लिए जगह लगातार कम होती जा रही है। अब राजनीति सत्ता के लिए होती है और सत्ता को हमने सेवा करने की नहीं, भोगने की वस्तु बना दिया है। यह स्थिति बदलनी ज़रूरी है। पर कैसे बदलेगी यह स्थिति? इस प्रश्न का उत्तर आसान नहीं है। पर ज़रूरी है वह उत्तर खोजना। वह उत्तर प्रतीकों के माध्यम से नहीं मिलेगा। उसे ठोस वैचारिक धरातल पर खोजना होगा। कोई द्रौपदी मुर्मू इसलिए पद के योग्य नहीं मान ली जानी चाहिए कि वह आदिवासी है, बल्कि उसकी कसौटी उसकी योग्यता होनी चाहिए। किसी आदिवासी महिला का राष्ट्रपति-भवन में पहुंचना उतना महत्वपूर्ण नहीं है, जितना कि यह तथ्य कि एक आदिवासी महिला ने वहां तक पहुंचने की योग्यता अर्जित की है।राष्ट्रपति-पद के लिए हुए पिछले चुनाव में भी श्रीमती द्रौपदी मुर्मू का नाम प्रत्याशी के रूप में सामने आया था। पर तब किसी आदिवासी को यह पद देने के बजाय पिछड़ी जाति वाले को देना राजनीतिक दृष्टि से ज़्यादा फायदे वाला माना गया। राजनीति के समीकरण अपनी जगह हैं, पर नफे-नुकसान के आकलन वाली यह राजनीति जनतंत्र के स्वास्थ्य के लिए अच्छी नहीं है। इस प्रवृत्ति ने हमारी समूची राजनीति को बीमार बना रखा है। इससे उबरना ज़रूरी है कि हम प्रतीकों की राजनीति से भी उबरें। किसी द्रौपदी मुर्मू का आदिवासी होना उसकी योग्यता का प्रतीक नहीं होना चाहिए, उसके चयन का आधार यह होना चाहिए कि वह आदिवासी होने के बावजूद सक्षम है। जब ऐसा होगा तभी कोई महिला-आदिवासी किसी राजनीतिक दल की पहली पसंद बनेगी। एंड रिज़ल्ट यानी अंतिम परिणाम की स्थिति से ऊपर उठना होगा। जब ऐसा होगा तो निर्विरोध-चुनाव वाली बात भी नहीं होगी- हर द्रौपदी को अपनी लड़ाई लड़कर ही जीतनी होगी। तभी जनतंत्र जीतेगा।

सम्पादकीय

## जीवंत लोकतंत्र

भारी बहुमत से सत्ता में आई आम आदमी पार्टी की सरकार के दौरान संगरूर लोकसभा उपचुनाव में शिरोमणि अकाली दल (अमृतसर) के नेता सिमरनजीत सिंह मान की जीत ने सबको चौंकाया है। यह इसलिये भी कि यह वर्तमान मुख्यमंत्री भगवंत मान का चुनाव क्षेत्र रहा है। सही मायनों में शिरोमणि अकाली दल के नेता सिमरनजीत सिंह मान की आश्चर्यजनक जीत भारतीय लोकतंत्र की जीवंतता और लचीलेपन को ही उजागर करती है। यह इस बात की पुष्टि करती है कि तमाम राजनीतिक विसंगतियों के बावजूद भारतीय लोकतंत्र में सभी तरह के राजनैतिक विमर्श के लिये पर्याप्त गुंजाइश है। कोई भी दृष्टिकोण चाहे वह कितना भी तल्ख हो, मतदाताओं को वैचारिक रूप से प्रभावित करता ही है। मताधिकार का दायरा इतना विस्तृत है कि आप किसी उम्मीदवार की जीत-हार को लेकर ठीक-ठीक भविष्यवाणी नहीं कर सकते। यही वजह है कि इस चुनाव में अनुदारवादी दृष्टिकोण वाले अनुभवी राजनेता ने परंपरागत राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों को परास्त करके संसद में अपनी जगह बनायी है। इसके लिये उन्होंने स्थापित लोकतांत्रिक प्रक्रिया से गुजरते हुए ही यह कामयाबी हासिल की है। निश्चित रूप से इस विजय के उपरांत मान को पंजाब के अन्य बारह लोकसभा सांसदों तथा सात राज्यसभा सदस्यों की तरह ही राज्य के कल्याण के मुद्दों को उठाना चाहिए। उन्हें पंजाब से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर संसदीय बहस में रचनात्मक योगदान देना चाहिए। यहां यह भी महत्वपूर्ण है कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में हम उसी के अनुरूप व्यवहार के जरिये राजनीतिक लक्ष्यों को हासिल कर सकते हैं, जहां व्यापक विचार-विमर्श की पर्याप्त गुंजाइश होती है। जरूरत इस बात की भी है कि समस्याओं का समाधान लोकतांत्रिक तौर-तरीकों के जरिये ही हासिल हो तभी राज्य में विकास के मानकों की स्थापना संभव है। निस्संदेह, भले ही दल विशेष की राजनीतिक विचारधारा में भिन्नता हो, लेकिन अंतिम लक्ष्य आम जनमानस का सर्वांगीण विकास ही होता है।बहरहाल, संगरूर में जनादेश के गहरे निहितार्थ हैं। निस्संदेह, उप चुनाव में मतदान का कम प्रतिशत भी नीति-नियंताओं के लिये चेतावनी ही है। राजनीतिक सुविधाओं के लिये चुनाव जीतना और बड़ी महत्वाकांक्षाओं के लिये सीट छोड़ना कालांतर जनता में चुनाव प्रक्रिया के प्रति उदासीनता को ही जन्म देता है। बहरहाल, संगरूर के जनादेश ने आम आदमी पार्टी की सरकार को स्पष्ट संदेश दिया है कि जनता के धैर्य की और अधिक परीक्षा न लें। कह सकते हैं कि संगरूर का फैसला सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी के लिये बड़ा झटका है, जिसने मुश्किल से तीन माह पूर्व विधानसभा चुनाव में शानदार जीत हासिल की थी। निस्संदेह जनता में गुस्सा है, कह सकते हैं कि उस मनःस्थिति से मोहभंग की स्थिति है जिसके चलते अरविंद केजरीवाल की पार्टी को सत्ता का वरण करने का अवसर मिला था। आप के लिये यह दोहरी शिकस्त है क्योंकि राज्य के मुख्यमंत्री भगवंत मान का किला ढह गया है। दरअसल, सत्ता विरोधी भावना सिमरनजीत सिंह मान के पक्ष में काम कर गई क्योंकि मतदाताओं ने शिरोमणि अकाली दल, कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी जैसे परंपरागत राजनीतिक दलों को खारिज किया है। मतदाताओं ने राजनीतिक दलों को स्पष्ट संकेत भी दिया है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में यदि कामयाबी हासिल करनी है तो जनता के अहसासों से गहरे तक जुड़ना होगा। कह सकते हैं कि नई सरकार का हनीमून समय खत्म हो गया है।

# आसन्न संकट से निपटने में निर्णायक साबित होगा




जल संकट की स्थिति इतनी खराब है कि दुनिया के 37 देश पानी की भारी किल्लत का सामना कर रहे हैं। इनमें सिंगापुर, पश्चिमी सहारा, कतर, बहरीन, जमायका, सऊदी अरब और कुवैत समेत 19 देश ऐसे हैं जहां पानी की आपूर्ति मांग से बेहद कम है। हमारा देश भी इन देशों से सिर्फ एक पायदान पीछे है। असलियत यह है कि दुनिया में पांच में से एक व्यक्ति की साफ पानी तक पहुंच ही नहीं है। यह सब सेवा एवं उद्योग क्षेत्र के योगदान बढ़ने के कारण घरेलू और औद्योगिक क्षेत्र में पानी की मांग में उल्लेखनीय बढ़ोतरी का नतीजा है। दुनिया में नदियों के मामले में सबसे अधिक सम्पन्न हमारे देश की तकरीबन साठ करोड़ आबादी पानी की समस्या से जूझ रही है। देश की यह स्थिति तब है जबकि यहां मानसून बेहतर रहता है। यदि जल गुणवत्ता की बात की जाये तो हमारा देश 122 देशों में 120वें पायदान पर है। इसका सबसे बड़ा कारण कारगर नीति के अभाव में जल संचय, संरक्षण व प्रबंधन में नाकामी है।

यह सच है कि भूजल पानी का महत्वपूर्ण स्रोत है। पृथ्वी पर होने वाली जलापूर्ति अधिकतर भूजल पर ही निर्भर है। लेकिन वह चाहे सरकारी मशीनरी हो, उद्योग हो, कृषि क्षेत्र हो या आमजन, सभी ने इसका इतना दोहन किया है, जिसका नतीजा भूजल के लगातार गिरते स्तर के चलते जल संकट की भीषण समस्या के रूप में हमारे सामने है। इससे पारिस्थितिकी तंत्र के असंतुलन की स्थिति पैदा हो गयी है। इसे उसी स्थिति में रोका जा सकता है जबकि पानी समुचित मात्रा में रिचार्ज हो, ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में पानी का दोहन नियंत्रित हो, संरक्षण हो, भंडारण हो ताकि वह जमीन के अंदर प्रवेश कर सके। आखिर जिस देश में भूतल व सतही, विभिन्न माध्यमों से पानी की उपलब्धता 2300 अरब घनमीटर है और जहां नदियों का जाल बिछा हो, जहां सालाना औसत बारिश 100 सेमी से भी अधिक होती है जिससे 4000 अरब घनमीटर पानी मिलता हो, वहां पानी का अकाल क्यों है? असलियत में बारिश से मिलने वाले पानी में से 47 फीसदी पानी नदियों में चला जाता है। इसमें से 1132 अरब घनमीटर पानी उपयोग में लाया जा सकता है। इसमें से 37 फीसदी उचित भंडारण-संरक्षण के अभाव में समुद्र में बेकार चला जाता है। यदि इसी को रिचार्ज के लिए एक सोची-समझी नीति के तहत उसका भविष्य में उपयोग की दृष्टि से संरक्षण किया जाये तो देश में पानी का कोई संकट नहीं होगा। सच तो यह है कि इसे बचाकर काफी हद तक पानी की समस्या का हल निकाला जा सकता है। जबकि सदियों से हमारे देश में जल का संचय होता आया है। मगर सरकारी तंत्र पर समाज के आश्रित हो जाने ने समस्या बढ़ाई है। इसका परिणाम जल प्रबंधन में सामुदायिक हिस्सेदारी के पतन के रूप में सामने आया।

असलियत में यह संकट जल संचय के हमारे परंपरागत तरीकों की अनदेखी, झीलों-तालाबों और कुओं पर अतिक्रमण से बढ़ा है। नदी और भूजल स्रोतों का प्रदूषण, अत्यधिक पानी वाली फसलों के उत्पादन की बढ़ती चाहत, पानी की बर्बादी, बारिश के जल का उचित संरक्षण न होना, भूजल के अत्यधिक दोहन के चलते भूजल स्तर में भयावह स्तर तक गिरावट आई है। जल प्रबंधन का अभाव, जल संचय व संरक्षण में समाज की भागीदारी का पूर्णतः अभाव, छोटे शहरों में अधिकांशतः जमीनी सतह का पक्का कर दिया जाना भी जल संग्रहण में बाधक बना। अनियंत्रित, अनियोजित औद्योगिक विकास और विकास के वर्तमान ढांचे की अंधी दौड़ ने हमारी धरती को बंजर बनाने और पाताल के पानी के अत्यधिक दोहन में नकारात्मक भूमिका अदा की है। फिर पानी की मांग में बढ़ोतरी और जल उपलब्धता में आये दिन हो रही कमी के साथ हमारी जीवनशैली में हुआ बदलाव सबसे बड़ा कारक है। ऐसी स्थिति में वर्षाजल संरक्षण और उसका प्रबंधन ही एकमात्र रास्ता है।

पानी देश और समाज की सबसे बड़ी जरूरत है। आइये हम भूजल रिचार्ज प्रणाली पर विशेष ध्यान दें और बारिश के जल का संचय कर देश और समाज के हितार्थ अपनी भूमिका का सही मायने में निर्वाह करें। जल संचय के पारंपरिक तौर-तरीकों के इस्तेमाल की भूमिका अहम होगी, उसी दशा में इस समस्या से छुटकारा मिल सकता है। गौरतलब है कि जीवन जल से ही शुरू होता है और अंत भी उसी से होता है। ध्यान रहे कि जल संकट की भयावहता में उत्तर और पूर्व में काफी भिन्नता है। फिर भूमिगत जल के प्रदूषण में समय के साथ काफी बदलाव आया है।

सबसे बड़ी बात यह कि जर्मनी में राइन नदी की सहयोगी नदी को वहां के लोग पुनर्जीवित कर सकते हैं तो क्या हम अपनी नदियों को पुनर्जीवन नहीं दे सकते। यह संकल्प और प्रकृति के साथ जुड़ाव से ही संभव है। आज जरूरत इस बात की है कि हम सभी जल संकट के इस दौर में प्रकृति और प्रकृति प्रदत्त संसाधनों का यथोचित सम्मान कर समाज को नयी दिशा देकर अपने राष्ट्रीय दायित्व का निर्वहन करते हुए इस समस्या के निदान में अपना योगदान दें।


## चेन्नईयिन एफसी ने ईरान के डिफेंडर हखामानेशी से किया अनुबंध

**चेन्नई ।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फ्रेंचाइजी चेन्नईयिन एफसी ने इस फुटबॉल लीग के आगामी सत्र से पहले एशियाई खिलाड़ी के रूप में ईरान के डिफेंडर वाफा हखामानेशी से अनुबंध किया। छह फीट छह इंच लंबे हखामानेशी इससे पहले थाईलैंड के क्लब रत्चाबुरी मित्र फोल एफसी का हिस्सा थे जिसके लिए उन्होंने एएफसी चैंपियन्स लीग में 3 मैच खेले। हखामानेशी ईरान की पहली टीयर की लीग में कई क्लब की ओर से खेले हैं। वह 2013-14 में ईरान की शीर्ष लीग पर्शियन गल्फ प्रो लीग जीतने वाली फूलेड एफसी टीम का भी हिस्सा थे।



## दो बार के विंबलडन चैंपियन एंडी मरे दूसरे दौर में हारे

**विंबलडन ।** दो बार के विंबलडन चैंपियन एंडी मरे को यहां आल इंग्लैंड क्लब पर पुरुष एकल के दूसरे के मुकाबले में जॉन इसनर के खिलाफ चार सेट में हार का सामना करना पड़ा। मरे को 20वें वरीय अमेरिकी खिलाड़ी ने 6-4, 7-6 (4), 6-7 (3), 6-4 से हराया। मरे से पहले मेजबान देश की एक और शीर्ष खिलाड़ी और गत अमेरिकी ओपन चैंपियन एमा राडुकानु को भी फ्रांस की कैरोलिन गार्सिया के खिलाफ महिला एकल के दूसरे दौर में सीधे सेट में 3-6, 3-6 से शिकस्त झेलनी पड़ी।



मरे 2013 में विंबलडन खिताब जीतने वाले 77 साल में ब्रिटेन के पहले पुरुष एकल चैंपियन बने थे। उन्होंने इसके बाद 2016 में एक बार और विंबलडन का एकल खिताब जीता। पिछले 13 मौकों पर मरे हमेशा विंबलडन के कम से कम तीसरे दौर में जगह बनाने में सफल रहे थे। उन्हें 2005 में पदार्पण करते हुए और 2021 में तीसरे दौर में शिकस्त का सामना करना पड़ा था। इसनर तीसरे दौर में 10वें वरीय यानिक सिनर से भिड़ेंगे।

पुरुष वर्ग में तीन बार के गत चैंपियन नोवाक जोकोविच और पांचवें वरीय कार्लोस अल्कारेज जीत दर्ज करने में सफल रहे लेकिन फ्रेंच ओपन उप विजेता तीसरे वरीय कास्पर रूड को उगो हंबर्ट ने 3-6, 6-2, 7-5, 6-4 से हराया। पंद्रहवें वरीय रिली ओपेल्का को भी टिम वैन रिथोवन ने 6-4, 6-7 (8), 7-6 (7), 7-6 (4) से हराया। दसवीं वरीय राडुकानु के अलावा दूसरी वरीय एनेट कोंटावीट को भी जर्मनी की ज्यूक नीमियर के खिलाफ 4-6, 0-6 से शिकस्त झेलनी पड़ी। 2017 की चैंपियन नौवीं वरीय गरबाइन मुगुरुजा को ग्रीट मिनेन ने 6-4, 6-0 से हराया। महिला वर्ग में 2021 की उप विजेता कैरोलिना प्लिसकोवा, आठवीं वरीय जेसिका पेगुला, तीन बार की मेजर चैंपियन एंजेलिक कर्बर और 2017 फ्रेंच ओपन चैंपियन येलेना ओस्टापेंको जीत दर्ज करने में सफल रहे।

## एलिना स्वितोलिना गर्भवती होने के बाद भी देश की मदद के लिए जुटा रहीं धन, टेनिस में जीती राशि को कर रहीं इकट्ठा

**विंबलडन ।** विंबलडन में खेल रहीं यूक्रेन की महिला टेनिस खिलाड़ी पुरस्कार में मिलने वाली राशि को देश और अपने पीड़ित परिवार के लिए दान कर देंगी। वहीं, 40वीं रैंकिंग की खिलाड़ी एलिना स्वितोलिना गर्भवती होने के बाद भी देश की मदद के लिए धन एकत्र करने में लगी हैं। 29वीं वरीयता प्राप्त अन्हेलिना कलिनिना दूसरे दौर में पहुंच चुकी हैं। पहले दौर की जीत के लिए कलिनिना को 75.50 लाख रुपये (96000 डॉलर) की राशि मिलेगी। वहीं दूसरे दौर में वह जीत जाती हैं तो उनको 1.15 करोड़ रुपये (147000 डॉलर) मिलेंगे। कलिनिना ने कहा कि वह अपनी पुरस्कार राशि से परिवार की मदद करेंगी। रूस ने इरपिन के कीव उपनगर स्थित उनके घर पर बमबारी की थी। हालांकि उनके माता-पिता सुरक्षित हैं। पहले राउंड में ब्रिटेन की जॉडी बुरीज को हराने वाली सुरेंको ने कहा, हमें आप सबकी मदद की जरूरत है। एलिना स्वितोलिना गर्भवती हैं। वह फ्रांस के टेनिस स्टार गाएल मोंफिल्स के बच्चे की मां बनने वाली हैं।

# बर्मिंघम टेस्ट से पहले विराट की फॉर्म पर बोले कोच राहुल द्रविड़

**बर्मिंघम।** इंगलैंड के खिलाफ 5वें टेस्ट में सबकी नजरें विराट कोहली पर टिकी रहेंगी। विराट जिनके लिए आईपीएल का यह सीजन औसत गया था, करीब दो साल से शतक नहीं लगा पाए हैं। ऐसे में इंगलैंड के खिलाफ महत्वपूर्ण मुकाबलों में उनपर नजरें बनी हुई हैं। इसी बीच मुख्य कोच द्रविड़ ने कोहली की फॉर्म पर बात है।

द्रविड़ ने साफ किया कि कोहली ऐसी शख्सियत हैं जो ड्रेसिंग रूम में दूसरों को प्रेरणा देने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि अगर आप उनकी मौजूदा फॉर्म की बात करें तो हर प्लेयर ऐसे दौर से गुजरता है। विराट भी कुछ इसी दौर से गुजर रहे हैं। हमें उनके शतक लगाने पर ही फोक्स नहीं करना होगा। लोग शतक को सफलता मान लेते हैं लेकिन हम यह देखते हैं कि टीम के लिए कितना कंट्रीब्यूट किया है। यही काफी होता है।

**पुजारा कर सकते हैं ओपनिंग**

रोहित शर्मा अगर प्लेइंग-11 में नहीं रहते तो उनकी जगह पर चेतेश्वर पुजारा भारत के लिए ओपनिंग करते हुए नजर आएंगे। पहले मयंक अग्रवाल को बीसीसीआई ने फौरन इंगलैंड बुला लिया था। लेकिन अब खबर है कि उन्हें कवर के तौर पर ही रखा जाएगा। फिलहाल व्यवस्था



अनुसार- प्लेइंग-11 में ओपनिंग पर शुभमन गिल के साथ पुजारा का ही नाम है।

**इसमें से चुनी जाएगी टीम इंडिया**

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, हनुमा विहारी, चेतेश्वर पुजारा, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद शमी, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, उमेश यादव, प्रसिद्ध कृष्णा।

**भारत का इंग्लैंड दौरा कार्यक्रम**

बनाम डर्बीशायर टी-20 : 1 जुलाई

बनाम इंग्लैंड 5वां टेस्ट - 1 से 5 जुलाई बर्मिंघम में

बनाम नॉर्थम्पटनशायर : 3 जुलाई

बनाम इंग्लैंड पहला टी-20 : 7 जुलाई, साऊथहैम्पटन

बनाम इंग्लैंड पहला टी-20 : 9 जुलाई, बर्मिंघम

बनाम इंग्लैंड तीसरा टी-20 :10 जुलाई, नॉटिंघम

बनाम इंग्लैंड पहला वनडे : 12 जुलाई, केनिंग्टन ओवल

बनाम इंग्लैंड दूसरा वनडे :14 जुलाई, लॉर्ड्स

बनाम इंग्लैंड तीसरा वनडे : 17 जुलाई, मैनचेस्टर

टीम इंडिया जब पांचवें टेस्ट के लिए मैदान पर होगी तब आयरलैंड दौरे पर गई टीम दो प्रैक्टिस मैच और इंगलैंड के खिलाफ पहला टी-20 खेलेगी। इस टीम की कमान हार्दिक पांड्या के हाथ में हैं जिन्होंने हाल ही में आयरलैंड से टी-20 सीरीज 2-0 से जीती थी। भारतीय स्टार खिलाड़ी नौ जुलाई को होने वाले दूसरे टी-20 के लिए टीम में होंगे।

# रोहित शर्मा 5वें टेस्ट से बाहर, जसप्रीत बुमराह को दी जाएगी कमान

**बर्मिंघम।** रोहित शर्मा कोरोना से उभर नहीं पाए है इसलिए इंगलैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट मैच को लीड करने के लिए जसप्रीत बुमराह तैयार हैं। बीसीसीआई सूत्र का कहना है कि एडजबैस्टन में टीम खिलाडियों के साथ मैनेजमैंटने एक मीटिंग की थी जिसमें उन्हें बता दिया गया है कि रोहित इस मैच के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। उनकी जगह बुमराह को जिम्मेदारी देने का फैसला लिया गया है।

बीसीसीआई अधिकारी ने कहा कि जसप्रीत को स्थिति से अवगत करा दिया गया है और वह नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं। ऋषभ अभी बहुत छोटा है और उसे टेस्ट में नेतृत्व करने के लिए तैयार होने की जरूरत है। इसलिए अभी के लिए बुमराह हमारा सर्वश्रेष्ठ दांव है। वह भारत का नेतृत्व करेंगे।

**रोहित अभी भी होटल में आइसोलेट**

रोहित शर्मा अभी भी होटल में आइसोलेट हैं। यह फैसला तब



लिया गया जब बीसीसीआई सिलेक्शन कमेटी के चेयरमैन ने बर्मिंघम में पहुंचकर स्थिति जांची। भारतीय कोच राहुल द्रविड़ के साथ मुलाकात के बाद फैसला हुआ कि इस अहम मैच में जसप्रीत बुमराह को लीड करने का मौका दिया जाएगा। बताया जा रहा है कि बुधवार रात तक रोहित शमा के दो और टेस्ट होंगे। अगर वह निगेटिव आए तो टीम प्रबंधन उनके लगी चोट और फिटनेस की जांच करेगा।

**ओपनिंग को लेकर अभी भी सवाल**

भारत के उपकप्तान केएल राहुल चोटिल है। रोहित शर्मा के कवर के तौर पर मयंक अग्रवाल पहले ही बर्मिंघम पहुंच गए हैं। अब ओपनिंग क्रम को लेकर पेच है। शुभमन के साथ विकेटकीपर बल्लेबाज केएस भरत या चेतेश्वर पुजारा को देखा जा सकता है। या मयंक ऊपरी क्रम पर दिख सकते हैं।

**इसमें से चुनी जाएगी टीम इंडिया**

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, हनुमा विहारी, चेतेश्वर पुजारा, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद शमी, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, उमेश यादव, प्रसिद्ध कृष्णा।

## विश्व चैम्पियनशिप से पहले एशियाई खेलों की पदक विजेता पूवम्मा को बड़ा झटका, डोप टेस्ट में फेल

**नई दिल्ली ।** भारत की सीनियर रिले धाविका और एशियाई खेलों की पदक विजेता एम आर पूवम्मा पर राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजेंसी ने पिछले साल डोप टेस्ट में नाकाम रहने के कारण तीन महीने का प्रतिबंध लगा दिया है। पूवम्मा के डोप नमूने पिछले साल फरवरी में पटियाला में इंडियन ग्रां प्री के दौरान लिए गए थे। उन्हें प्रतिबंधित मेथिलहेक्सानिएमाइन के सेवन का दोषी पाया गया। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के अध्यक्ष आदिले सुमरिवाला ने इसकी पुष्टि की। विश्व रैंकिंग कोटा के आधार पर पूवम्मा का 15 जुलाई से अमरीका के यूजीन में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप में खेलना तय था लिहाजा उनके लिए यह करारा झटका है। पूवम्मा ने 2018 एशियाई खेलों में मिश्रित रिले और महिलाओं की चार गुणा 400 मीटर रिले में स्वर्ण पदक जीता था।



## हार्दिक पांड्या इंगलैंड के खिलाफ पहले टी-20 में होंगे कप्तान

**नई दिल्ली ।** आयरलैंड सीरीज में जीतने वाले भारतीय टीम को इंगलैंड में भी खेलने का मौका मिलेगा। बीसीसीआई की चयन समिति ने 1 से 5 जुलाई को होने वाले पांचवें टेस्ट मैच में शामिल खिलाड़ियों को आराम देने की प्लानिंग बनाई है। क्योंकि पहला टी-20 सात जुलाई को हैं। ऐसे में खिलाड़ियों को रिकवर होने के लिए तीन दिन दिए जाएंगे। इस दौरान आयरलैंड दौरे पर खेली टीम इंडिया ही इंगलैंड के खिलाफ पहले टी-20 में नजर आएगी। यानी हार्दिक पांड्या पहले टी-20 मैच की कप्तानी करते नजर आएंगे।



बीसीसीआई के एक सूत्र के अनुसार- आयरलैंड में टी-20 सीरीज खेलने वाली टीम पहले टी-20 में रहेगी। दूसरे टी-20 में सभी सितारे (रोहित, अगर फिट होंगे, कोहली, बुमराह, पंत, जडेजा) वापसी करेंगे। इन प्लेयरों को आराम दिया जाएगा। टीम इंडिया जब बर्मिंघम में पांचवां टेस्ट मैच खेलेगी तो इसी दौरान दो प्रैक्टिस मैच भी खेले जाएंगे जिसमें आयरलैंड जाने वाली टीम ही हिस्सा लेगी। बता दें कि रोहित शर्मा के कोविड पॉजीटिव आ जाने के बाद पांचवें टेस्ट में जसप्रीत बुमराह टीम इंडिया का नेतृत्व करेंगे। टीम इंडिया को 35 साल बाद तेज गेंदबाज के तौर पर कप्तान मिला है। भारत के आखिरी तेज गेंदबाज-कप्तान कपिल देव थे, जिन्हें 1987 में कप्तानी से हटा दिया गया था। सूत्र का कहना है कि मयंक अग्रवाल को बेशक कवर के तौर पर बुलाया गया था लेकिन वह प्लेइंग-11 का हिस्सा नहीं होंगे। उनकी जगह शुभमन के साथ पुजारा को ओपनिंग पर भेजने का कार्यक्रम है। माना जा रहा है कि प्लेइंग-11 में पुजारा, गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, विहारी और ऋषभ पंत होंगे।

# तेंबा बावुमा इंग्लैंड दौरे से बाहर, डेविड मिलकर को मिली टी-20 टीम की कप्तानी

**केपटाउन ।** दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज और सीमित ओवरों की टीम के कप्तान तेंबा बावुमा बाईं कोहनी में चोट के कारण बुधवार को इंग्लैंड दौरे से बाहर हो गए। बावुमा इंग्लैंड के खिलाफ तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और इतने ही टी20 अंतरराष्ट्रीय के अलावा तीन टेस्ट की श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे। वह आयरलैंड के खिलाफ दो टी-20 मैच भी नहीं खेल पाएंगे। बावुमा इस महीने भारत के खिलाफ टी-20 श्रृंखला के दौरान चोटिल हुए थे। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) के अनुसार उन्हें चोट से उबरने में 8 हफ्ते का समय लगेगा। बावुमा की जगह केशव महाराज एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय कप्तान जबकि डेविड मिलकर टी20 कप्तान की भूमिका निभाएंगे।




डीन एल्गर दक्षिण अफ्रीका के नियमित टेस्ट कप्तान हैं लेकिन बावुमा टेस्ट टीम में शीर्ष क्रम के महत्वपूर्ण बल्लेबाज हैं। सीएसए ने 32 साल के बल्लेबाज रिली रोसोयु की टी-20 टीम में वापसी कराई है। वह दक्षिण अफ्रीका की ओर से पिछली बार 2016 में खेले थे लेकिन इसके बाद इंग्लैंड की काउंटी टीम हैंपशर से जुड़ गए थे।

तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा को एकदिवसीय मुकाबलों से आराम दिया गया है लेकिन वह टी-20 और टेस्ट टीम में शामिल हैं। युवा तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएट्जे टी-20 टीम में नया चेहरा होंगे। दौरे की शुरुआत 19 जुलाई को होगी और पहला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय डरहम में खेला जाएगा। टेस्ट श्रृंखला अगस्त-सितंबर में होगी। टेस्ट मैच लार्ड्स, ओल्ड ट्रेफर्ड और द ओवल में खेले जाएंगे।

# 'कठिन दो सप्ताह' के बाद केएल राहुल की सफल सर्जरी हुई, कहा- जल्द मिलते हैं

**म्यूनिख।** भारत के सलामी बल्लेबाज केएल राहुल की सफल सर्जरी हो गई है और अब वह रिकवरी मोड में हैं। इस बात की जानकारी क्रिकेटर ने सोशल मीडिया के जरिए साझा की है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज से पहले राहुल 8 जून को दाहिने कमर की चोट के कारण श्रृंखला से बाहर हो गए थे। केएल राहुल ने संदेशों और प्रार्थनाओं के लिए सभी को धन्यवाद दिया और कहा कि उनके ठीक होने की राह शुरू हो गई है।

केएल राहुल ने एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा, सभी को नमस्कार। कुछ हफ्ते मुश्किल रहे लेकिन सर्जरी सफल रही। मैं ठीक हो रहा हूं। मेरे ठीक होने की राह शुरू हो गई है। आपके संदेशों और प्रार्थनाओं के लिए धन्यवाद। जल्द ही मिलते हैं। इस महीने की शुरुआत में चोट के बाद राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) की



एक मेडिकल टीम ने बल्लेबाज का आकलन किया था और फैसला किया था कि वह इंग्लैंड के खिलाफ पुनर्निर्धारित पांचवां टेस्ट नहीं खेलेंगे।

इसी बीच टीम इंडिया 16 जून को इंग्लैंड दौरे की शुरुआत करने इंग्लैंड पहुंची। भारत एक जुलाई से शुरू होने वाले ओल्ड ट्रैफर्ड में पुनर्निर्धारित पांचवें टेस्ट के लिए इंग्लैंड के साथ भिड़ेगा। पुनर्निर्धारित पांचवें टेस्ट को इंग्लैंड में भारत की 2021 श्रृंखला के पांचवें मैच के रूप में गिना जाएगा जिसमें भारत 2-1 से आगे है। पांचवां टेस्ट पिछले साल कोरोना वायरस के प्रकोप के बाद अंतिम समय में स्थगित कर दिया गया था।

**इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट के लिए भारतीय टीम** :रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, हनुमा विहारी, चेतेश्वर पुजारा, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद शमी, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, उमेश यादव, प्रसिद्ध कृष्णा और मयंक अग्रवाल।

# स्टॉकहोम डायमंड लीग में नीरज चोपड़ा पदक के दावेदार

**स्टॉकहोम।** सत्र की दमदार शुरूआत करने के बाद ओलिम्पिक चैम्पियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा डायमंड लीग में पहली बार पदक जीतने की पूरी कोशिश करेंगे। चोपड़ा ने तुर्कु में पावो नुरमी खेलों में 89.30 का थ्रो फेंककर रजत पदक जीता और कुओर्तानै खेलों में 86.60 मीटर के साथ शीर्ष रहे। फिनलैंड में हुए इन दोनों टूर्नामेंटों में मुकाबला कड़ा था। कुओर्तानै में तो बारिश के कारण फिसलन की वजह से तीसरे प्रयास में चोपड़ा गिर भी गए थे लेकिन तुरंत खड़े होकर चोटिल हुए बिना खिताब जीता।

ज्यूरिख में अगस्त 2018 में 85.73 मीटर थ्रो करके चौथे स्थान पर रहने के बाद चोपड़ा पहली बार डायमंड लीग में खेलेंगे। वह 7 डायमंड लीग खेल चुके हैं जिनमें तीन 2017 में और




चार 2018 में खेली थी लेकिन इसमें पदक नहीं जीत पाए। 2 बार चौथे स्थान पर रहे हैं। अमरीका में अगले महीने होने वाली विश्व चैम्पियनशिप से पहले चोपड़ा के लिये यह सबसे बड़ा टूर्नामेंट है। इसमें टोक्यो ओलिम्पिक के तीनों पदक विजेता मैदान में होंगे।

मौजूदा दौर के भालाफेंक खिलाडियों में सबसे ज्यादा बार 90 मीटर की बाधा पार करने वाले जर्मनी के जोहानेस वेटर चोट के कारण बाहर हैं। कुओर्तानै में स्वर्ण जीतने के बाद चोपड़ा यहां से 100 किलोमीटर से भी कम दूरी पर स्थित उपसाला में अभ्यास कर रहे हैं। वह डायमंड लीग के बाद और 15 जुलाई से होने वाली विश्व चैम्पियनशिप से पहले कोई और टूर्नामेंट नहीं खेलेंगे।

भारत के मुरली श्रीशंकर को भी इसमें लंबी कूद में भाग लेना था जो डायमंड लीग कार्यक्रम का हिस्सा नहीं है लेकिन अतिरिक्त प्रतियोगिता के रूप में शामिल है। वह हालांकि पहुंच नहीं पाएंगे क्योंकि विश्व चैम्पियनशिप के लिये वीजा औपचारिकताएं पूरी करने के लिए उनका पासपोर्ट दिल्ली में अमेरिकी दूतावास में है।

# अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में राष्ट्रीय खेलों का होगा उद्घाटन और समापन समारोह

**अहमदाबाद।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) और खेल मंत्रालय ने साथ मिलकर सात साल बाद राष्ट्रीय खेल कराने को कमर कस ली है। ये खेल गुजरात के पांच शहरों में आयोजित किए जाएंगे। खेलों का उद्घाटन और समापन समारोह अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा। फिल्हाल इन खेलों को 10 से 25 सितंबर को कराने की तैयारी है। ये खेल गुजरात सरकार के सहयोग से अहमदाबाद, राजकोट, सूरत, भावनगर और वडोदरा में आयोजित किए जाएंगे। राष्ट्रीय खेल के आयोजन की संभावनाओं और इन्फ्रास्ट्रक्चर की स्थिति देखने के लिए खेल मंत्रालय और साई की टीम इस वक्त गुजरात में है। राष्ट्रीय खेल का आयोजन लंबे समय से गोवा में लटका पड़ा है। गोवा सरकार ने 2020 में पहले कोरोना का हवाला देकर खेलों के आयोजन से हाथ खीच लिया। तब से अब तक ये खेल गोवा सरकार नहीं करा पाई है। अंतिम बार ये खेल केरल में 2015 में हुए थे। खेलों के आयोजन का जिम्मा आईओए के जिम्मे है। ऐसे में सरकार की ओर से कराए जा रहे खेलो इंडिया गेम्स को ध्यान में रखते हुए आईओए ने खेल मंत्रालय को सितंबर में राष्ट्रीय खेल आयोजित कराने का प्रस्ताव दे दिया। जिसे खेल मंत्रालय ने स्वीकार कर लिया। दोनों पक्षों के बीच गुजरात में ये खेल कराने पर सहमति बनी। अहमदाबाद में नरेंद्र मोदी स्टेडियम के अलावा खेलों का अच्छा इन्फ्रास्ट्रक्चर है। यहीं ज्यादातर खेल होंगे। सूत्र बताते हैं कि गुजरात सरकार ने भी खेलों के आयोजन पर हामी भर दी है।

**आईओए ने दिया मंत्रालय को प्रस्ताव**

आईओए के महासचिव राजीव मेहता की ओर से खेल संघों को लिखे ईमेल में कहा गया है कि राष्ट्रीय खेल 2015 से लंबित पड़े हैं। ऐसे में खिलाड़ियों का नुकसान हो रहा है। उन्होंने खेल मंत्रालय को 10 से 25 सितंबर को राष्ट्रीय खेल कराने का प्रस्ताव दिया है, जिसे स्वीकार कर लिया गया है। हांगझोऊ एशियाई खेलों के आगे बढने के कारण उनके पास राष्ट्रीय खेल कराने का यह उचित समय है। उन्होंने खेल संघों से अपने खिलाड़ियों को इन खेलों के लिए तैयार रहने के लिए कहा है। राष्ट्रीय खेल के लिए जल्द ही टास्क फोर्स और कमेटियों का भी गठन किया जाएगा।

इन खेलों का आयोजन बेहद भव्य तरीके से कराने की तैयारी है। गुजरात सरकार और खेल मंत्रालय इन खेलों के लिए काफी पैसा लगाने वाले हैं। खेलों के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर मुहैया कराने और उसे तैयार करने की जिम्मेदारी गुजरात सरकार की होगी, जबकि साई की ओर से आईओए की अगुवाई में खेलों का आयोजन किया जाएगा।

## अमेरिकी गवर्नरों ने भारत से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश पर दिया जोर, कहा- इससे नए कौशल के साथ देश में रोजगार सृजित होंगे

**काठमांडू।** अमेरिकी राज्यों के गवर्नरों और शीर्ष अधिकारियों के द्विपक्षीय समूह ने भारत के साथ मजबूत द्विपक्षीय रिश्तों पर जोर दिया है। समूह ने भारतीय कॉर्पोरेट जगत से निवेश आने पर जोर दिया है। समूह का कहना है कि इससे न केवल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश बल्कि नए कौशल भी मिलेंगे और अमेरिका में रोजगारों का सृजन होगा। वाशिंगटन में वार्षिक सिलेक्ट यूएसए इन्वेस्टमेंट समिट में शामिल होने आए 100 से अधिक भारतीय उद्योगपतियों के समूह के समक्ष पेनसिल्वेनिया,



अर्कान्सस और कैलिफोर्निया के गवर्नरों समेत कई अधिकारियों ने अपनी बात रखी। अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू द्वारा इंडिया हाउस में आयोजित कार्यक्रम में इन अधिकारियों ने कहा कि भारतीय कारोबारियों का उनके राज्यों की अर्थव्यवस्था में योगदान है, वे नए कौशल को लेकर आते हैं और सबसे महत्वपूर्ण यह कि आकर्षक रोजगारों का सृजन करते हैं। पेनसिल्वेनिया के रिपब्लिकन गवर्नर टॉम वोल्फ ने कहा कि उन्हें गर्व है कि उन्होंने भारत के साथ मित्रता को बनाए रखा, वह उसकी सराहना करते हैं।

**भारत-अमेरिकी रिश्तों को द्विपक्षीय समर्थन**

अर्कान्सस से डेमोक्रेटिक पार्टी गवर्नर असा हचिनसन ने कहा कि भारत-अमेरिकी रिश्तों को द्विपक्षीय समर्थन हासिल है। गर्वनरों और अन्य शीर्ष अधिकारियों का स्वागत करते हुए संधु ने कहा कि भारतीय कंपनियां अमेरिका में मजबूती, जुझारूपन और प्रतिस्पर्धा की भावना लाती हैं। उन्होंने कहा, इन कंपनियों ने स्थानीय समुदायों के लिए रोजगारों का सृजन किया है।

## पहली बार नासा के वैज्ञानिकों को मिला 'जॉम्बी स्टार', सुपरनोवा विस्फोट के बाद भी नहीं छोड़ा शरीर, हुआ जिंदा

**वाशिंगटन।** गैस व धूल के बादलों के बीच जब किसी तारे में विस्फोट होता है, तो वह बहुत ज्यादा चमकदार हो जाता है। सुपरनोवा कहे जाने वाली इस घटना के दौरान खगोलविदों को एक ऐसे तारे के बारे में पता चला है, जो सुपरनोवा विस्फोट के बाद भी बचा रह गया। विस्फोट के बाद अब पहले से ज्यादा चमकदार हो गया है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के हबल स्पेस टेलीस्कोप ने इस तारे के बारे में पता लगाया है। यह एक सफेद बौना तारा है। यह सफेद तारा उस तारे का शेष भाग बताया जाता है, जिसने सुपरनोवा विस्फोट में खुद को



खत्म कर लिया था। 'एस्ट्रोफिजिकल' जर्नल में प्रकाशित अध्ययन के प्रमुख लेखक और कैलिफोर्निया की लास कंब्रेस ऑब्जर्वेटरी के वरिष्ठ खगोल वैज्ञानिक कर्टिस मैककली ने कहा कि यसफेद बौना तारा एनजीसी 1309 नामक एक स्पाइरल गैलेक्सी में रहता है। यह हमारी आकाशगंगा की लगभग तीन चौथाई है। यह तारा पृथ्वी से 108 मिलियन प्रकाश वर्ष की दूरी पर स्थित है। गौरतलब है कि तारे का आकार, संरचना और विस्फोट की ताकत के आधार पर कई प्रकार के सुपरनोवा होते हैं।

## इतिहास में सबसे बड़ी राजनीतिक वापसी! फिलीपीन में पूर्व तानाशाह के बेटे ने ली राष्ट्रपति पद की शपथ

**मनीला।** फिलीपीन में पूर्व तानाशाह के बेटे फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने बृहस्पतिवार को देश के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। राजधानी मनीला के राष्ट्रीय संग्रहालय में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। फिलीपीन में इस घटना को हाल के इतिहास में सबसे बड़ी राजनीतिक वापसी में से एक माना जा रहा है। लेकिन, मार्कोस के विरोधियों का कहना है कि उनके परिवार की छवि सुधरने के बाद ही ऐसा हो सका है।फिलीपीन के तानाशाह एवं फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर के पिता फर्डिनेंड मार्कोस को 36 साल पहले सेना के समर्थन से सत्ता से बेदखल कर दिया गया था। जनता के इस विद्रोह के परिणामस्वरूप मार्कोस जूनियर के पिता की वैश्विक स्तर पर काफी आलोचना हुई थी। इसके बाद फिलीपीन में लोकतांत्रिक राजनीति का स्तर ऊपर उठा।

# भारत बोला- रूस-यूक्रेन युद्ध में आसान निशाना बन रहे शहरी क्षेत्र

**संयुक्त राष्ट।** रूस-यूक्रेन युद्ध 126वें दिन में प्रवेश कर चुका है। इस बीच, एक दिन पूर्व क्रैमेंचक के शॉपिंग मॉल में हुए हमले के पीड़ितों ने कहा, एक राक्षस ही मॉल पर ऐसा हमला कर सकता है। उधर, भारत ने संयुक्त राष्ट्र में कहा, युद्ध में शहरी क्षेत्रों के अहम नागरिक ठिकाने आसान निशाना बनते जा रहे हैं।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में यूक्रेन मामले पर भारत के स्थायी उप प्रतिनिधि आर. रवींद्र ने कहा, इस युद्ध के कारण बहुत से लोगों की जान गई है और महिलाओं, बच्चों तथा बुजुर्गों के लिए विशेष रूप से परेशानियां खड़ी हुई हैं। उन्होंने कहा कि लाखों लोग बेघर हो गए हैं और उन्हें पड़ोसी देशों में शरण लेनी पड़ी है। रवींद्र ने कहा, यूक्रेन के हालात पर भारत बेहद चिंतित है।

राजनीतिक और शांति प्रयास मामलों की उप सचिव रोजमेरी डि कार्लो ने यूक्रेन के क्रैमेंचक शहर में रूस द्वारा मॉल पर किए गए मिसाइल हमले में मृतक संख्या बढ़ने की आशंका जताई। परिषद की इस बैठक को जब जेलेंस्की ने 15 सदस्यीय सुरक्षा परिषद के सामने सीधे तौर पर अपनी बात रखी।



यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने भी डिजिटल माध्यम से संबोधित किया। फरवरी में युद्ध शुरू होने के बाद यह दूसरा मौका था उन्होंने कहा, रूस लगातार आतंकी कार्रवाई कर रहा है। उसे ऐसी हरकतों से रोकने के लिए विश्व समुदाय को आगे आना होगा।

## डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक बोले- 110 देशों में बढ़ रहे बीए.4 और बीए.5 के मामले, मंकीपॉक्स को लेकर कही यह बात




**जेनेवा।** डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ टेडरोस अदनहोम गेब्रेहेसुस ने कोरोना के बीए.4 और बीए.5 के बढ़ रहे मामलों पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि BAy और BA5 के मामले कुछ देशों में बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि 110 देशों में बढ़ रहे BA4 और BA5 के मामलों के कारण कुल वैश्विक मामलों में 20फीसदी की वृद्धि हुई है। इसके अलावा WHO के 6 क्षेत्रों में से 3 में कोरोना के इन सब-वैरिएंट्स के कारण मौतें बढ़ी हैं। उन्होंने कहा कि जबकि वैश्विक आंकड़ा अपेक्षाकृत स्थिर बना हुआ है। इसके साथ ही उन्होंने आगे मंकीपॉक्स को लेकर कहा कि नाइजीरिया 2017 से मंकीपॉक्स के प्रकोप से जूझ रहा है। इस साल वहां मंकीपॉक्स के अधिक मामले दर्ज किए गए हैं। इसके अलावा, मंकीपॉक्स वायरस 50 से ज्यादा नए देशों में इस वायरस के मरीज मिले थे। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही आगे भी नए देशों में मंकीपॉक्स के मामले मिलने की संभावना है।

## पानी-पूरी के बाद स्ट्रीट फूड की बिक्री भी रोकी, हैजे का प्रसार रोकने के लिए उठाए कदम

**काठमांडू।** नेपाल की राजधानी में हैजे का प्रसार रोकने के लिए काठमांडो की घाटी में रेहड़ी-पटरी पर खाने-पीने का सामान (स्ट्रीट फूड) बेचने पर रोक लगा दी गई है। इससे पहले पानी-पूरी की ब्रिक्री पर पाबंदी लगा दी गई थी।

काठमांड्डो मेट्रोपोलिटन सिटी (केएमसी) द्वारा स्ट्रीट फूड की बिक्री पर प्रतिबंध का फैसला तब लिया गया है जब इलाके में रविवार के बाद से अब तक हैजा के 12 मरीज सामने आए हैं। महानगर के स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख बलराज त्रिपाठी ने कहा, काठमांड्डो में हैजा मरीजों की संख्या बढ़ने के चलते कुछ समय के लिए खाद्य पदार्थों की बिक्री और वितरण पर रोक लगाई गई है।

केएमसी ने आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की भी चेतावनी दी है।



केएमसी ने खाद्य प्रौद्योगिकी एवं गुणवत्ता नियंत्रण विभाग से शहर भर के होटलों तथा रेस्तरां में भोजन संबंधी स्वच्छता की जांच करने का भी अनुरोध किया है।

त्रिपाठी ने पानी की पाइपलाइन और सीवर व्यवस्था की स्थिति पर नजर रखने का अनुरोध किया है। केएमसी ने पानी को शुद्ध करने वाली गोलियों की किसी भी संभावित कमी से निपटने के लिए तैयार रहने का भी निर्देश दिया है।

## नैतिक परीक्षा में ही ऑडिटरों की धोखाधड़ी, 790 करोड़ का लगा जुर्माना

**वाशिंगटन।** दुनिया की सबसे बड़ी ऑडिटिंग फर्म अर्न्स्ट एंड यंग (ईवाई) के सैकड़ों ऑडिटरों के नैतिक परीक्षा में धोखाधड़ी करते पकड़े जाने पर फर्म 790 करोड़ जुर्माना भरेगी। अमेरिकी प्रतिभूति नियामक (एसईसी) के मुताबिक, फर्म के सैकड़ों ऑडिटरों ने पेशेवर लाइसेंस बरकरार रखने के लिए होने वाले इम्तिहान में 2017-2021 तक लगातार नकल की।

कंपनी को पता था, लेकिन उसने जांच के दौरान इसका खुलासा नहीं किया। इसके चलते नियामक ने किसी ऑडिटिंग फर्म पर अब तक का सबसे बड़ा जुर्माना ठोका है। एसईसी ने अपने आदेश में कहा, अर्न्स्ट एंड यंग ने न सिर्फ जांचकर्ताओं को गुमराह किया बल्कि सुबूत छिपाकर सार्वजनिक लेखा नियमों का भी उल्लंघन किया।




जांच में सामने आया कि फर्म के 49 ऑडिटरों को पहले ही परीक्षा कुंजी मिल गई थी, जो उन्होंने दूसरों से भी साझा की।

**फर्म ने माना-गलत था आचरण**

एसईसी की जांच के बाद फर्म ने स्वीकारा कि उसका आचरण गलत था और निष्ठा व नैतिकता से बढ़कर कुछ भी नहीं है। कर्मचारियों द्वारा उत्तर साझा करना आचार संहिता का सरासर उल्लंघन है, जो असहनीय है। फर्म नैतिक नियमों के अनुपालन के लिए सख्त कदम उठाएगी।

**2012 से 2015 के दौरान भी की नकल**

नियामक का कहना है, ऑडिटरों ने इतने बड़े पैमाने पर नैतिक परीक्षा में धोखाधड़ी कोई पहली दफा नहीं की। इससे पहले 2012 से 2015 के दौरान भी कमोबेश ऐसी ही नकल हुई थी।

आदेश में कहा गया है कि फर्म ने पूर्व में अपने कर्मचारियों को परीक्षा में नकल करने को लेकर चेतावनियां दी थीं पर इसका अब तक कोई खास असर नहीं पड़ा।

## महिलाओं और बच्चों के यौन शोषण के दोषी अमेरिकी पॉप गायक कैली को 30 साल जेल की सजा

**न्यूयॉर्क।** महिलाओं और बच्चों के यौन शोषण का दोषी ठहराए जाने के नौ माह बाद अमेरिकी पॉप गायक आर कैली (55) को बुधवार को (स्थानीय समयानुसार) सजा सुनाई गई।। केली को 30 साल जेल की सजा सुनाई गई है।

आर कैली को पिछले साल सितंबर में न्यूयार्क की अदालत ने आठ महिलाओं की तस्करी का दोषी ठहराया था। इसके बाद से उसकी सजा पर बहस चल रही थी। वेराइटी के अनुसार, 55 वर्षीय गायक रॉबर्ट सिल्वेस्टर कैली को रैकेटियरिंग और मान अधिनियम को तोड़ने के आठ आरोपों में दोषी पाया गया था। 45 गवाहों ने सरकार के लिए गवाही दी थी। कैली जुलाई 2019 से जेल में बंद है। अभियोजक उसके लिए उम्रकैद की मांग कर रहे थे। उनका तर्क है कि उसने अपने झांसे में आई महिलाओं और



बच्चों के साथ कोई रहम नहीं किया। वह दो दशक तक उन्हें उत्पीड़ित करता रहा। उसके वकीलों का कहना था कि अब वह समाज के लिए खतरा नहीं है।

अदालत में खुलासा हुआ कि कैली ने गायिका आलिया से 1994 में उस समय शादी की थी, जब उसकी उम्र केवल 15 साल थी। तब प्रमाण पत्र में उसे 18 साल की दिखाया गया था। बाद में उनकी शादी को रद्द कर दिया गया। नौ साल बाद ही विमान दुर्घटना में आलिया की मौत हो गई थी। इलिनोइस और मिनेसोटा में राज्य की अदालतों के आरोपों के अलावा, वह अभी भी शिकागो में चाइल्ड पोर्नोग्राफी और न्याय के रास्ते में बाधा डालने के आरोपों का सामना कर रहा है। छह सप्ताह के ट्रायल से पता चला कि कैसे कैली ने प्रशंसकों और इच्छुक गायकों को यौन शोषण और लुभाने के लिए श्रमिकों और बिचौलियों का इस्तेमाल किया था, जिसमें उन्हें बिना भोजन के कमरों में बंद कर देना या कई दिनों तक बाथरूम में प्रवेश नहीं करने देना शामिल है। 1990 और 2000 के दशक की शुरुआत में सबसे सफल हिटमेकर्स में से एक कैली को सितंबर में उसके खिलाफ सभी मामलों में दोषी पाया गया था।

## घिसलीन मैक्सवेल को 20 साल कैद की सजा, नाबालिग बच्चियों के यौन शोषण मामले में अदालत ने दिया फैसला

**इस्लामाबाद।** ब्रिटिश सोशलाइट घिसलीन मैक्सवेल को न्यूयॉर्क की एक अदालत ने सजा सुनाई है। घिसलीन पर आरोप है कि उन्होंने कम उम्र की लड़कियों का यौन शोषण करने में अमेरिकी फाइनेंसर और प्रेमी जेफरी एपस्टीन की मदद की थी। इस मामले में मैनहट्टन संघीय अदालत ने घिसलीन को दोषी ठहराते हुए 20 साल जेल की सजा सुनाई। मामले में आरोप सिद्ध होने के बाद सजा सुनाते हुए जज ने इसे दोनों की भयानक योजना बताया। 60 वर्षीय मैक्सवेल को पिछले साल दिसंबर में दोषी ठहराया गया था। उनपर 1994 से 2004 के बीच अपने ब्वायफ्रेंड जेफरी



एपस्टीन के साथ मिलकर कम उम्र की लड़कियों को भर्ती करने उसके बाद उनकी यौन तस्करी करने का आरोप था। कम उम्र की लड़कियों की यौन तस्करी सहित उनपर छह आरोप लगाए गए थे। इन छह आरोपों में से उनको पांच मामलों में दोषी पाया गया था। जानकारी के मुताबिक, घिसलीन मैक्सवेल और जेफरी एपस्टीन दोनों साथ मिलकर शहर भर में बड़े-बड़े लोगों को लोगों को लड़कियों की तस्करी करते थे। अदालत द्वारा इस सजा के बाद लोगों का कहना है कि ये सजा एक मजबूत संदेश भेजती है कि कोई भी कानून से ऊपर नहीं है और न्याय के लिए कभी भी देर नहीं होती है। गौरतलब है कि उनके प्रेमी जेफरी एपस्टीन ने 2019 में आत्महत्या कर ली थी।


## उदयपुर हत्याकांड की संयुक्त राष्ट्र ने की निंदा, सभी धर्मों के सम्मान का आह्वान

**न्यू यॉर्क।** भारत के राजस्थान राज्य के उदयपुर में ईशनिंदा के आरोप में एक व्यक्ति को गला काटकर मार डालने के मामले में संयुक्त राष्ट्र संघ की प्रतिक्रिया सामने आयी है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने उदयपुर हत्याकांड की निंदा करके सभी धर्मों के सम्मान का आह्वान किया है।

भारत के सत्तारूढ़ दल भारतीय जनता पार्टी की पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा के एक बयान के बाद सोशल मीडिया में नूपुर का चित्र लगाने वाले उदयपुर के टेलर कन्हैया लाल की गला रेत कर हत्या कर दी गयी थी। इस मसले पर अब संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस का भी बयान आया है। उन्होंने सभी धर्मों के पूर्ण सम्मान का आह्वान किया है। साथ ही यह सुनिश्चित करने के लिए भी कहा है कि विभिन्न समुदाय विश्व स्तर पर सद्भाव और शांति से रह सकें। संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय पर आयोजित दैनिक पत्रकार वार्ता में संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र विश्व शांति को लेकर बेहद आशान्वित है।

## पाकिस्तान संसद ने 9.5 ट्रिलियन रुपये के बजट को दी मंजूरी, पेट्रोलियम उत्पादों पर 50 रुपये लेवी को मंजूरी

**फ्लोरिडा।** पाकिस्तान की संसद के निचले सदन ने 9.5 ट्रिलियन रुपये के वित्त विधेयक 2022 को पारित किया, जिसे आम तौर पर संघीय बजट के रूप में जाना जाता है। वित्त और राजस्व राज्य मंत्री डॉ. आयशा घोष पाशा ने मतदान के लिए बजट पेश करते हुए कहा कि 80 प्रतिशत संशोधन सीधे करों से संबंधित थे। हमारा उद्देश्य अमीरों पर कर लगाना और गरीबों को राहत देना है। अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के सांसदों की अनुपस्थिति के कारण कोई विरोध नहीं हुआ, क्योंकि विधेयक को नेशनल असेंबली द्वारा एक के बाद एक लिया गया और हां वोट के साथ इसे आसानी से पारित किया गया। 9.5 लाख करोड़ रुपये के परिव्यय वाला बजट वित्त मंत्री मिफ्ता इस्माइल ने 10 जून को पेश किया था और इसके बाद सदन में बहस हुई थी। लेकिन अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के दबाव में बदलाव किए गए। सदन ने बजट को मंजूरी देते हुए पेट्रोलियम उत्पादों पर 50 रुपये लेवी लगाने की भी मंजूरी दी, जैसा कि आईएमएफ के साथ सहमति हुई थी। बजट की औपचारिक मंजूरी सरकार को रुके हुए अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष कार्यक्रम के पुनरुद्धार के करीब लाती है। सरकार ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए 10 जून को 1.25 ट्रिलियन रुपये



के वित्तीय समायोजन के साथ बजट पेश किया, लेकिन आईएमएफ ने इसे स्वीकार नहीं किया, पाकिस्तान के पास और संशोधन करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा। फिर 24 जून को वित्त मंत्री इस्माइल ने अतिरिक्त करों की घोषणा की, जिनसे 466 बिलियन रुपये मिलने की उम्मीद है, जिससे सरकार को बेलआउट पैकेज के लिए आईएमएफ के साथ समझौते में मदद मिली। बजट दस्तावेजों से पता चलता है कि कुल मौजूदा खर्च का 45.4 फीसदी कर्ज चुकाना है, जबकि 1,523 अरब रुपये का रक्षा खर्च कुल मौजूदा खर्च का 17.5 फीसदी है। पाकिस्तान ने 10 जून को घोषणा की कि वह रक्षा के लिए 1,523 अरब रुपये आवंटित करेगा, जो पिछले साल की तुलना में 11 प्रतिशत अधिक है। बजट दस्तावेजों के अनुसार, सरकार ने देश की रक्षा के लिए 1,523 अरब रुपये की प्रतिबद्धता जताई है, जो पिछले साल के 1,370 अरब रुपये से अधिक है, जिसे बाद में रक्षा मंत्रालय की मांग पर संशोधित कर 1,450 अरब रुपये कर दिया गया।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम एवम् योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवम् क्रियायोग आश्रम अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश 211019 से प्रकाशित। Title UPHIN 29506

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बंधित विवादों का न्याय क्षेत्र कौशाम्बी, प्रयागराज होगा।

## पेरिस आतंकी हमले के गुनहगार सलाह अब्देसलाम को फ्रांस के इतिहास की सबसे कड़ी सजा

# पूरी उम्र रहना होगा जेल में

**पेरिस।** फ्रांस की एक अदालत ने नवंबर 2015 में राजधानी पेरिस में आतंकी हमला करने के केस में मुख्य संदिग्ध सलाह अब्देसलाम को आतंकवाद और हत्या के आरोपों का दोषी पाया है। अदालत ने उसे फ्रांस के इतिहास की सबसे कड़ी सजा सुनाई है। सलाह अब्देसलाम को पूरी उम्र जेल में काटनी होगी।

इस आतंकी हमले में 130 लोगों की मौत हुई थी। अदालत ने इस केस में 19 अन्य लोगों को भी गुनहगार ठहराया है। माना जा रहा है इनमें से छह की मौत हो चुकी है। पिछले नौ माह से पीड़ित, पत्रकार और मृतकों के परिजन पेरिस में इस मामले की सुनवाई के लिए विशेष तौर पर बनाए गए कोर्ट रूम में जुटते रहे हैं। इस हमले को फ्रांस के इतिहास में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से सबसे वीभत्स माना जाता है।

13 नवंबर, 2015 को फ्रांस में यह हमले बार, रेस्तरां, नेशनल फुटबॉल स्टेडियम और एक म्यूजिक वेन्यू सहित अलग-अलग स्थानों पर हुए थे। इनमें सैकड़ों लोग घायल भी हुए थे। मुकदमे की सुनवाई में अब्देसलाम ने खुद को आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट का 'सिपाही' बताया था। बाद में अब्देसलाम ने पीड़ितों से माफी मांगी और कहा वह हत्यारा नहीं है और उसे हत्या के आरोप में सजा देना अन्याय होगा। अब्देसलाम ने यह भी दावा किया था कि हमलों वाली रात उसने अपनी आत्मघाती जैकेट को न उड़ाने का फैसला किया था। हालांकि बाद में कोर्ट में प्रस्तुत किए गए साक्ष्यों से साफ हुआ कि वास्तव में जैकेट में खराबी की वजह उसमें विस्फोट नहीं हुआ था। अदालत के फैसले के मुताबिक अब्देसलाम को पूरी उम्र जेल में काटनी होगी। फ्रांस के कानून के अनुसार वह पैरोल के लिए 30 साल की सजा काटने के बाद ही आवेदन कर सकता है।